कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची | 19 अक्टूबर, 2025, रविवार, वर्ष 11, अंक 02, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com







## बिहार में झामुमो खुद के दम पर चुनाव लड़ेगा

# झारखंड में भी करेंगे गठबंधन की समीक्षा : सुप्रियो भट्टाचार्य

- बिहार में महागठबंधन से हुआ अलग, छह सीटों पर उम्मीदवार देने की घोषणा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन से अलग हो गया है। वह अकेले ही चुनाव में उतरेगा। झामुमो ने बिहार की छह विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर दी है। इतना ही नहीं, पार्टी चार और सीट, यानी कुल 10 सीट पर उम्मीदवार देने का विचार कर रही है। महागठबंधन में पार्टी को मात्र दो सीट मिली थी। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कहा कि धनतेरस के शुभ लग्न में पार्टी ने तय किया है कि बिहार में अपनी ताकत से छह उम्मीदवार उतारेगी। गठबंधन के सभी घटक दल और खासकर राजद से और कांग्रेस के आलाकमान से अपनी चिन्हित सीट के बारे में बात की पर अभी तक कोई तरजीह नहीं दी गयी।

**झामुमो के तेवर सख्त:** सुप्रियो भट्टाचार्य साफ कहा कि महागठबंधन में भी खींचतान है। हम झारखंड में भी गठबंधन की समीक्षा करेंगे। हम लगातार धोखा नहीं खा सकते। गुरुजी ने हमें लड़ना सिखाया है। हम सब कुछ बर्दाश्त कर सकते, लेकिन आत्मसम्मान से समझौता नहीं। बिहार में जिन सीटों पर भाजपा-जदयू गठबंधन के खिलाफ हमारे कार्यकर्ता लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं, वो सीटें हमें मिलनी चाहिये थी, पर ऐसा नहीं हुआ। अभी छह सीटों पर उम्मीदवार देने का फैसला लिया गया है, लेकिन हम चार और सीटों पर उम्मीदवारे देने का विचार कर रहे हैं।

**स्टार प्रचारकों की सूची जारी:** झामुमो की ओर से बिहार के लिए 20 स्टार प्रचारक की सूची भी जारी की गयी। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन भी बिहार में स्टार प्रचारक होंगे। सुप्रियो ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश होगी कि हमारे सभी छह उम्मीदवार जीत दर्ज करें।




### इन छह सीटों पर झामुमो चुनाव लड़ेगा

चकाई, धमधाहा, कटोरिया, मनिहारी, जमुई और पीरपैंती। इसमें कटोरिया और मनिहारी अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट है और पीरपैंती अनुसूचित जाति आरक्षित सीट है।

### राजद के प्रतिनिधि को 5 सालों तक मंत्री भी बनाया

भट्टाचार्या ने कहा कि झारखंड में हमने 2019 में भी राजद, कांग्रेस को अपना समर्थन दिया था। उनको अपनी सीटें दी थी। राजद को तो केवल सीटें ही नहीं दी थी, बल्की सात सीटों में केवल एक विजयी उम्मीदवार को 5 वर्षों तक मंत्री बनाया। यही नहीं सम्मानजनक तरीके उनको मुख्यमंत्री ने अपने तमाम यात्राओं, कार्यक्रमों में प्रमुखता से स्थान दिया। 2024 के चुनाव में हम लोगों ने राजद को 6 सीटें और उनके विजयी एक प्रतिनिधि को अभी के वर्तमान कैबिनेट में महत्वपूर्ण स्थान दिया।

## महागठबंधन में न सीटें तय न नेता: शाह

**गृह मंत्री ने कहा, राहुल वोट चोरी पर अब चुप क्यों**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महागठबंधन में न सीटें तय हैं और न नेता है। बिहार की जनता राहुल को भूल चुकी है। राहुल वोट चोरी पर अब चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के एसआइआर के फैसले का भाजपा स्वागत करती है। पूरे देश में एसआइआर होना चाहिए। एसआइआर में कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में घुसपैठिये कैसे वोट दे सकते हैं। बिहार की सत्ता का फैसला विदेशी नागरिक करेंगे क्या? ऐसे लोगों को चुन-चुन कर देश से बाहर करेंगे। बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। अमित शाह दो दिवसीय बिहार दौरे पर थे। शाह ने कहा कि बिहार में बाढ़ के चलते तबाही मचती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 के बजट में कोसी के लिए हजारों करोड़ का बजट दिया है। राज्य बाढ़ से पूरी तरह से मुक्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि अगले 10 साल आयेंगे, उसमें हम बिहार को औद्योगिक राज्य बनायेंगे। हम बिहार को एआइ का हब बनायेंगे। हमारी कोशिश है कि कपड़े बदल कर या चेहरा बदल कर जंगल राज फिर से बिहार में ना आ जाये।

## घाटशिला उपचुनाव: जेएलकेएम ने अपने प्रत्याशी की घोषणा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** घाटशिला उपचुनाव दिलचस्प होने वाला है। जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने उम्मीदवार देने की घोषणा कर दी है। पार्टी ने रामदास मुर्मू को प्रत्याशी बनाया है। पहले जहां झामुमो और भाजपा के बीच मुकाबला माना जा रहा था, वहीं अब इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला की चर्चा होने लगी है। जेएलकेएम के उम्मीदवार देने की घोषणा के बाद झारखंड की सियासत गरमा गयी है। राजनीतिक दलों के नेताओं की बयानबाजी और दावे तेज हो गये हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू 21 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर पार्टी विधायक जयराम महतो समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद पार्टी द्वारा सभा भी किया जायेगा। बताते चलें कि जेएलकेएम ने 2024 के विधानसभा चुनाव में भी घाटशिला सीट से उम्मीदवार उतारा था। उस वक्त भी रामदास मुर्मू ही पार्टी के प्रत्याशी थे। उन्हें 8093 वोट मिले थे। जेएलकेएम ने एक बार फिर उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनाते हुए स्थानीय नीति, नियोजन नीति, रोजगार नीति, पलायन, बेरोजगारी और परिवारवाद जैसी समस्या को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है।

## धनतेरस बाजार : दो हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धनतेरस पर शनिवार को बाजार चहक उठा। लगभग दो हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे झारखंड में हुआ। बिक्री का आकड़ा सिर्फ सोना-चांदी और बर्तनों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लग्जरी कार, सुपरबाइक, महंगे गहने और हाइ-टेक गैजेट्स की खरीदारी में लोगों ने खूब उत्साह दिखाया। राजधानी रांची में भी हजारो करोड़ का कारोबार हुआ। सर्राफा बाजार 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया। जीएसटी में मिले छूट से इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल ने भी अच्छी बढ़त दर्ज करायी। आसान इएमआइ और बैंकों के कैशबैक ऑफर मिलने से मध्यम वर्ग के लोग भी महंगे उत्पाद खरीदते दिखे। विभिन्न सेक्टरों में पहले नंबर पर सरार्फा बाजार, दूसरे नंबर पर ऑटोमोबाइल और तीसरे नंबर पर होम अप्लायंसेस सेक्टर ने धूम मचाया। सोना की कीमत में भारी उछाल से चांदी की चमक ज्यादा रही।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 19 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



# व्यवस्था तब भी बहंगी पर थी, व्यवस्था आज भी बहंगी पर ही है

- कभी खाट, कभी ठेला, कभी बहंगी, तो कभी खुद ही उठाकर मरीजों को अस्पताल ले जाने को मजबूर हैं ग्रामीण
- एक महिला प्रसव पीड़ा के दौरान, बहंगी पर अस्पताल जाते दिखती है, तो सवाल उठता है, क्या झारखंड सच में सिल्वर जुबली मनाने वाला है
- क्या विकास के लिए 25 साल कम होते हैं, 25 वर्षों का विकास 'युवा' तो नहीं लगता, अभी भी 'नाबालिग' सा लगता है
- गुमला क्षेत्र की एक महिला, सात बार गर्भवती हुई और सातों बार अस्पताल बहंगी पर ही गयी, इस व्यवस्था को क्या नाम दें
- ऐसा नहीं है कि पूर्व की सरकारों या वर्तमान सरकार ने बेहतर काम नहीं किया है, लेकिन कहीं तो चूक हुई है, जिस पर विचार करना जरूरी है

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में आये दिन ऐसी तस्वीरें देखने को मिल जाती हैं, जो सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या सच में झारखंड राज्य बने 25 वर्ष हो चुके हैं। क्या 25 वर्ष कोई भी राज्य के विकास के लिए काफी नहीं हैं। क्या 25 वर्ष होने के बाद भी कोई राज्य, महज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस सकता है। मुद्दे तो कई हैं, लेकिन हाल के दिनों में ऐसी कई तस्वीरें देखने को मिल रही हैं, जो झारखंडवासियों को सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या प्रसव के लिए भी अस्पताल जाना किसी के लिए चुनौती हो सकती है। क्या महज एक प्रसव के लिए एबुलेंस मिलना इतना कठिन हो सकता है। आखिर कभी खाट, कभी ठेला, कभी बहंगी, कभी टांग कर, तो कभी खुद ही उठाकर मरीजों को अस्पताल ले जाने को क्यों मजबूर हैं ग्रामीण। इस सवाल का जवाब तो तलाशना ही पड़ेगा। अगर कहीं समस्या है, तो उसका हल भी होगा। लेकिन हल निकालने के लिए नीयत का होना जरूरी है। झारखंड बने 25 वर्ष होने को हैं। 15 नवंबर को झारखंड 25 वर्ष होने पर सिल्वर जुबली मनायेगा। लेकिन क्या इन 25 वर्षों में विकास के 25 वर्ष हुए हैं। 25 वर्षों का विकास 'युवा' तो नहीं लगता। वह अभी भी 'नाबालिग' सा लगता है। आये दिन कभी पलामू, कभी गुमला, कभी हजारीबाग, तो कभी सिमडेगा के गांवों, पूर्व से लेकर पश्चिम, उत्तर से लेकर दक्षिण झारखंड के कई गांवों से ऐसी तस्वीरें देखने को मिल जाती हैं, जो झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलती हैं। इन गांवों में स्वास्थ्य व्यवस्था ग्रामीणों के कंधों के सहारे ही टिकी है। व्यवस्था कभी खाट पर विराजती है, तो कभी ठेले पर, तो कभी बहंगी पर। नसीब अच्छा हुआ तो एंबुलेंस के दर्शन हो जाते हैं। तर्क तो कई दिये जाते रहे हैं कि फलाना गांव में जाने के लिए सड़क नहीं है। पठारी क्षेत्र होने के कारण भी एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती। लेकिन क्या इन 25 वर्षों में एक कच्ची सड़क का भी निर्माण नहीं किया जा सकता था। अगर पठारी क्षेत्र है, तो क्या गर्भवती को प्रसव पीड़ा के बाद सही समय पर अस्पताल पहुंचने का हक नहीं है। आखिर क्यों नहीं उन क्षेत्रों में ऐसी व्यवस्था बन पायी है, जिन पर ग्रामीण भरोसा करें, पास के स्वास्थ्य केंद्रों पर ही उनकी समस्या का निवारण हो पाये। आखिर उन गांवों के केंद्र में तो ऐसी व्यवस्था हो ही सकती है, जहां इमरजेंसी में लोग भरोसा कर पायें कि उनका इलाज पास के ही स्वास्थ्य केंद्र में सही से हो पायेगा। कम से कम प्रसव की उत्तम व्यवस्था ही स्थापित हो जाती। लेकिन जब एक महिला को प्रसव पीड़ा शुरू होते ही बिना किसी साधन के उसे अस्पताल तक का सफर तय करना पड़ता है, तो सोचने पर मजबूर होना पड़ता है कि क्या सच में झारखंड के 25 वर्ष हो चुके हैं। झारखंड की इसी समस्या के कारण और निदान पर रोशनी डाल रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

## नये-नये नेता वर्ग विशेष का मसीहा बनने को बेचैन

आज झारखंड में कई समस्याएं हैं, लेकिन लोग खुद में लड़ने में व्यस्त हैं। नये-नये नेताओं की उत्पत्ति हो रही है। नये-नये मुद्दे तलाशे जा रहे हैं। सभी किसी न किसी वर्ग विशेष का मसीहा बनना चाहते हैं। अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। पिसती है तो आम जनता, जो इनके बहकावे में आती है। जनता भूल जाती है कि उसकी खुद की समस्याएं कई हैं, उसे ही पहले सुलझा ले।

## बहंगी पर गर्भवती महिला

वैसे मामले तो कई हैं, लेकिन हालिया एक मामले का जिक्र करना चाहूंगा, जहां व्यवस्था बहंगी पर सवार होती दिखी। एक महिला है, जो सात बार गर्भवती हुई और सातों बार वह अस्पताल बहंगी पर ही गयी। यह घटना है रायडीह प्रखंड के लाल माटी गांव की। इस गांव की निवासी हैं मुनीता देवी, जिनकी उम्र 30 वर्ष है। उनके पति का नाम करमु कोरबा है। गर्भवती मुनीता देवी को जब प्रसव पीड़ा हुई, तो उसके परिजन बहंगी में ढोकर उसे अस्पताल ले गये। अस्पताल ले जाने के क्रम में महिला को जंगल, पहाड़, पगडंडी और उबड़-खाबड़ रास्ते से होकर जाना पड़ा। घंटों के सफर के बाद परिजन बहंगी लेकर ऊपर खटंगा गांव पहुंचे। इसके बाद उस महिला को एंबुलेंस नसीब हुई। उसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लाया गया। वहां महिला ने मंगलवार की रात एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। महिला ने सातवीं कन्या शिशु को जन्म दिया। बुधवार सुबह चार बजे जानकारी देते हुए उस महिला के पति करमु कोरबा ने बताया कि जब पत्नी के पेट में दर्द शुरू हुआ, तो उसने एंबुलेंस को फोन किया। एंबुलेंस ऊपर खटंगा गांव तक ही पहुंच पायी। आगे रास्ता नहीं होने के कारण वहीं रुक गयी। इसके बाद गांव के लोगों के सहयोग से महिला को बहंगी में ढोकर ऊपर खटंगा गांव तक लाया गया। इसके बाद एंबुलेंस से अस्पताल ले जाय गया। पति करमु ने बताया कि पूर्व के उपायुक्त सुशांत गौरव और कर्ण सत्यार्थी लाल माटी गांव पहुंचे थे। वहां मूलभूत सुविधा बहाल करने की बात कही गयी थी। दोनों के स्थानांतरण के बाद मामला लटक गया। सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें पैदल ही ऊपर खटंगा गांव तक जाना पड़ता है। इसके बाद वाहन की व्यवस्था होती है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से सड़क की मांग की, लेकिन आज तक सड़क नहीं बन पायी। सड़क नहीं होने से गांव में कई अन्य सुविधा भी नहीं पहुंच पाती है। गांव में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों को बहंगी से ढोकर ही अस्पताल ले जाना ही एकमात्र विकल्प है। वहीं गांव में सड़क न होने से वहां का विकास कार्य ठप है। लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि क्या इस समस्या का हल इतना जटिल है कि 25 वर्षों में भी इसका निवारण नहीं हो पाया।



## गुमला जिले के गांवों का हाल

गुमला जिला मुख्यालय का सबसे निकटतम प्रखंड है रायडीह। जिला मुख्यालय से रायडीह प्रखंड मुख्यालय की दूरी महज 15 किमी है। जिला मुख्यालय के इतने करीब होने के बावजूद भी यह प्रखंड विकास से कोसों दूर है। आजादी के 78 वर्षों और झारखंड राज्य निर्माण के 25 वर्षों के बाद भी क्षेत्र के ऐसे दर्जनों गांव हैं, जहां के लोग एक कच्ची सड़क से भी महरूम हैं। रायडीह की पीबो पंचायत के लसड़ा बरटोली से फींकपानी और आसरा बेवरा गांव तक आज भी सड़क नहीं है। ये दोनों गांव लसड़ा बरटोली से तीन किलोमीटर की दूरी पर हैं। ग्रामीणों का बरसात में चलना दूभर हो जाता है। इसी पंचायत के लौकी से झटनीटोली की दूरी दो किलोमीटर है, लौकी से गजराकोना की दूरी तीन किलोमीटर, लौकी से केउंदडांड़ की दूरी दो किलोमीटर है। ये सुनने में तो ज्यादा दूर नहीं लगते, लेकिन यहां से होकर बहनेवाली जमगाई नदी इन गांवों को बरसात में टापू बना देती है। यहां के लोग वर्षों से सड़क और एक पुलिया के लिए भी सरकारी योजना की बाट जोह रहे हैं। पीबो पंचायत का ही एक गांव है जमगाई। इस गांव से पांच किलोमीटर की दूरी पर बसा है अंबापानी गांव। यह गांव आज भी पक्की सड़क से जुड़ नहीं सका है। इसी तरह जमगाई से गोंसाई कोना और बिरहोर कॉलोनी भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि इस बिरहोर कॉलोनी में आदिम जनजाति परिवार के लोग निवास करते हैं, जिनके लिए राज्य और केंद्र सरकार के द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत वाली योजनाएं मिलने के बावजूद अगर ये पीवीटीजी गांव एक पक्की सड़क के लिए भी तरस रहा है, तो यह प्रशासनिक उदासीनता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

## इन गावों का हाल देख प्रतीत होता है, मानो जीवन यहीं आकर थम गया हो

इसी प्रकार प्रखंड के सूदूरवर्ती क्षेत्र सुरसांग पंचायत में थाना तो बना दिया गया, लेकिन ठीक थाना के पीछे से एक रास्ता गुजरता है। यूं कहें तो पगडंडी गुजरती है, जो गड़गड़लोंगरा गांव तक जाती है। यह क्षेत्र भी सड़क के लिए तरस रहा है। मंगराटोली से कारीकोना की दूरी है दो किलोमीटर, करंजकुर से तिलैइडांड़ की दूरी तीन किलोमीटर, गीदखोता से सिलंगा की दूरी तीन किलोमीटर, पुरनापानी से बुकागाढ़ा की दूरी दो किलोमीटर, करमटोली से केराडार, करंजकुर से पोढ़ोटोली आदि गांवों में आज तक सड़क नहीं पहुंच पायी है। सिलंगा, बुकागाढ़ा, केराडार आदि गांवों से पालामाढ़ा नदी होकर गुजरती है। ये गांव भी बरसात के मौसम में टापू ही बन जाते हैं। अगर कोई बीमार पड़ जाये, तो उसका भगवान ही मालिक है। अस्पताल पहुंचना तो दूर, इन गांव को पीने के लिए स्वच्छ पानी भी नसीब नहीं है। इन गावों का हाल देख प्रतीत होता है, मानो जीवन यहीं आकर थम गया हो। रेंगोला गांव में नल-जल की एक बड़ी योजना तो चल रही है, जिस योजना के तहत पांच पंचायत में स्वच्छ जल पहुंचाने का लक्ष्य है। यहां पर करोड़ों रुपये की लागत से पानी सप्लाई के लिए जल मीनार तो तैयार किया जा रहा है, मगर पक्की सड़क नहीं होने से इस योजना को धरातल पर उतारने में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य सड़क से मात्र दो किमी की दूरी पर बसे इस गांव में बरसात का मौसम कठिनाइयों को और बढ़ाता है।

## एकमात्र सहारा बहंगी

उपर खटंगा पंचायत का लालमाटी गांव, जहां सरकार के द्वारा कई योजना संचालित हैं, लेकिन वहां भी सड़क नसीब नहीं है। इन क्षेत्रों में सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं और मरीजों को होती है। जब गर्भवती महिलाओं को तत्काल इलाज की जरूरत पड़ती है या कोई मरीज जब चलने फिरने के काबिल नहीं रह जाता, या किसी वृद्ध को अपने किसी निजी अथवा सरकारी कार्य हेतु प्रखंड मुख्यालय तक आना-जाना पड़ता है, तो उनका एकमात्र सहारा बहंगी है। लोग बांस में रस्सी लगाकर बहंगी बनाते हैं और उसमें गर्भवती या मरीज को बैठा दिया जाता है। फिर उसे अपने कंधों पर ढोकर पक्की सड़क तक लाया जाता है। तब कहीं जाकर पक्की सड़क पर इंतजार कर रही एंबुलेंस या ग्रामीण सड़कों तक चलने वाले वाहन की सुविधा उन्हें नसीब होती है। कई बार तो ऐसा भी होता है कि बहंगी में लाने के कारण अधिक समय लग जाता है और गंभीर मरीज की स्थिति नाजुक होती जाती है।

## अधिकारी दफ्तर पहुंचते भूल जाते हैं ग्रामीणों की समस्या

जब कोई अधिकारी इन गांव का भ्रमण करने आते हैं, तो उन्हें भी इन उबड़-खाबड़ रास्तों में पैदल चलना पड़ता है। बावजूद इसके, जब ये अधिकारी अपनी एसी गाड़ियों में बैठ कर अपने दफ्तरों को लौटते हैं, तो वहां जाते ही ग्रामीणों की तकलीफें भूल जाते हैं या फिर नजरअंदाज कर देते हैं। विकास योजनाओं को लेकर टेंडर लेने वाले संवेदकों को भी काफी परेशानी होती है, क्योंकि विकास कार्य में लगने वाली सामग्री मुख्य सड़क से दो से पांच किलोमीटर तक पहुंचाना एक बड़ी चुनौती होती है। इसके लिए उन्हें काफी संख्या में मजदूर लगाने पड़ते हैं, जिस कारण उन्हें समय और लागत, दोनों को बढ़ाना पड़ता है। कई बड़ी मशीनों वाली गाड़ियां तो कार्यस्थल तक पहुंच भी नहीं पातीं, जिसके कारण कार्य की गुणवत्ता पर असर पड़ता है। सड़क नहीं होने से सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी कठिनाई का सामने करना पड़ता है। जिन शिक्षकों की ड्यूटी इन गांव में होती है, उन्हें अपने घर से दो घंटे अतिरिक्त समय लेकर चलना पड़ता है। समझा जा सकता है कि शिक्षक पहुंचेंगे कब और पढ़ायेंगे क्या। कई स्थानों पर तो शिक्षक समय पर स्कूल तक नहीं खोल पाते।

## जन प्रतिनिधि इन गांवों में जाने का सोचते भी नहीं

रही बात राजनेताओं और जनप्रतिनिधियों की, तो उन्हें ऐसे गांव में पहुंचने की कभी जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि ये लोग इस तरह के गांव की अगुवाई करने वाले दो-चार युवकों को अपनी टोली में रखते हैं। चुनाव के समय थोड़ी-थोड़ी राशि देकर इन युवकों को अपने पक्ष में वोट देने और दिलाने का ठेका दे दिया जाता है। गांव के ये युवा ग्रामीणों को उल्टी-सीधी पट्टी पढ़ा कर अपने पक्ष वाले नेता जी के समर्थन में वोट डलवा देते हैं।

## सुदर्शन भगत से लेकर भूषण तिर्की तक का दौर भी देखा है ग्रामीणों ने

गुमला विधानसभा अंतर्गत आने वाले इस प्रखंड के कई गांवों को जनप्रतिनिधियों द्वारा नजरअंदाज किया गया है। विधायकों की बात करें, तो झारखंड बनने के साथ ही भाजपा के सुदर्शन भगत गुमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक रहे। सुदर्शन भगत को झारखंड बनने के साथ ही राज्य का शिक्षा मंत्री बनने का अवसर भी प्राप्त हुआ। लेकिन इसका फायदा क्षेत्र की जनता को कितना प्राप्त हुआ, यह वहां की जनता ही बेहतर बताती है। उनके कार्यकाल में इस प्रखंड के उपरोक्त गांवों में कितना ध्यान दिया गया है, ये इन गांवों की मौजूदा तस्वीर बताती है। झारखंड राज्य बनने के बाद पहला चुनाव वर्ष 2005 में हुआ। इस बार जनता ने भाजपा के उम्मीदवार को नकार दिया और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी भूषण तिर्की को विधायक बनाया। लेकिन पांच साल के कार्यकाल में भूषण तिर्की ने इन गांव में बसने वाले ग्रामीणों का हाल तक पूछना जरूरी नहीं समझा। राज्य बनने के बाद दूसरा चुनाव वर्ष 2009 में हुआ। इस बार विधायक बने भाजपा उम्मीदवार कमलेश उरांव। कमलेश उरांव का भी रवैया इन गांवों के प्रति उदासीन ही रहा, गांवों की स्थिति जस की तस रही। वर्ष 2014 में जब विस चुनाव हुआ तो भाजपा ने कमलेश उरांव को नजरअंदाज करते हुए शिवशंकर उरांव को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाया। शिवशंकर उरांव को क्षेत्र की जनता ने विजय श्री दिलायी, लेकिन शिवशंकर उरांव भी इस क्षेत्र के लिए किसी काम के नहीं निकले। शिवशंकर उरांव ने अपना कार्यकाल पूरा किया, मगर रायडीह के इन गांवों की सुध तक नहीं ली अलबत्ता हालत वही रही। विकास के लिए तरसते रहे लोग। फिर वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव हुए। जनता ने एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी भूषण तिर्की पर भरोसा जताया और अपना विधायक चुना। लेकिन 2019 से लेकर 2024 तक इन गांव की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। व्यवस्था तब भी बहंगी पर थी, व्यवस्था आज भी बहंगी पर ही है। हालांकि इस दौरान सड़क छोड़कर कुछ योजनाएं ग्रामीणों को मिली। मगर यह अखबारों में खबर छपने का असर या अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदनों का प्रभाव था। वर्ष 2024 में हुए चुनाव में अपने वोटरों को काफी मनाने के बाद एक बार फिर भूषण तिर्की पर लोगों ने विश्वास करते हुए उन्हें अपना विधायक तो चुन लिया, लेकिन इन गांवों की स्थिति जस की तस बानी हुई है। हैरान करने वाली बात यह है कि गुमला जिले के निवासी भाजपा नेता सुदर्शन भगत पिछले 15 वर्षों तक लगातार क्षेत्र के सांसद रहे। इन्हीं 15 वर्षों में पांच वर्ष आदिवासी मामलों के केंद्रीय राज्यमंत्री रहे, मगर इस आदिवासी बहुल क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ। वर्तमान में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत सांसद हैं, अब क्षेत्र की जनता उनकी ओर भी उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। आगे क्या होगा वक्त ही बतायेगा।

**( साथ में गुमला से आफताब अंजुम, सुधाकर और वारिश)**




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °c | 17.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.21 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.47 बजे | |



# बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र: अवैध पत्थर खनन पर कार्रवाई की मांग, 200 करोड़ के राजस्व का नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहेबगंज ज़िले के बोरियो प्रखंड के बिंदेरी बंदरकोला गांव में सत्यनाथ साह नामक व्यक्ति पर अवैध रूप से पत्थर खनन करने का गंभीर आरोप है। यह जानकारी नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र में दी है। पत्र में बताया गया है कि सत्यनाथ साह को जिला खनन विभाग से 4 एकड़ जमीन पर पत्थर निकालने की लाइसेंस (लीज) मिली थी।

लेकिन आरोप है कि वह करीब 20 एकड़ जमीन पर अवैध खनन कर रहा है, जिससे राज्य सरकार को लगभग 200 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है।



यह मामला बोरियो प्रखंड के उपप्रमुख कैलाश प्रसाद ने उठाया था।

उन्होंने इस संबंध में साक्ष्य और आवेदन भी दिये हैं। इसके बाद जिला उपायुक्त ने जांच के आदेश दिये और अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक टीम बनायी गयी। जांच में सत्यनाथ साह द्वारा लीज से बाहर की जमीन पर खनन की पुष्टि भी हो गयी। बाबूलाल मरांडी ने पत्र में लिखा है कि जांच में सब कुछ स्पष्ट होने के बावजूद खनन पदाधिकारी और स्थानीय थाना प्रभारी ने कोई कार्रवाई नहीं की।

उल्टा, अवैध खनन रोकने की मांग करने वाले कैलाश प्रसाद पर झूठा केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया और धमकी दी गयी कि अगर आवाज उठाओगे तो अंजाम बुरा होगा।

पत्र में यह भी बताया गया है कि कैलाश प्रसाद ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और दुमका डीआइजी को भी पत्र लिखा, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि, सत्यनाथ साह पर अवैध खनन के लिए कड़ी कार्रवाई की जाये। राज्य को जो राजस्व नुकसान हुआ है, उसकी वसूली की जाये। अवैध खनन पर तुरंत रोक लगायी जाये। कैलाश प्रसाद की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये, ताकि उन्हें और उनके परिवार को कोई नुकसान न हो।

## हजारीबाग के गोरहर में हाथ-पैर बांध कर व्यवसायी के घर में डकैती

### बंदूक की नोक पर छह लाख नगद और जेवर की लूट



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोरहर (हजारीबाग) ।** जिले के बरकट्ठा के गोरहर थाना क्षेत्र में सीमेंट व्यवसायी सुनील कुमार पांडेय के यहां भीषण डकैती हुई है। बीती रात अपराधियों ने सीमेंट व्यापारी सुनील कुमार पांडेय के घर और दुकान में डकैती की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने पहले सुनील कुमार पांडेय और उनके परिवार वालों को बंधक बना लिया और फिर बंदूक की बट से मार कर घायल कर दिया। घर में रखे लगभग छह लाख रुपये और जेवर लूट कर फरार हो गये। सीमेंट व्यवसायी सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि रात में छह नकाबपोश अपराधी कार और बाइक से सूर्यकुंड ट्रेडर्स दुकान में पहुंचे और उन्हें बंधक बना लिया। अपराधियों ने उन्हें हथियार के बल पर दुकान के ऊपरी तल में ले जाकर हाथ-पैर बांध दिये और बेटे सुमित पांडेय को भी बंदूक की बट से मारकर घायल कर दिया। इसके बाद अपराधी घर में घुसकर नकदी और गहनों की लूटपाट कर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बरकट्ठा अंचल निरीक्षक इमदाद अंसारी और गोरहर थाना प्रभारी नीतीश कुमार मौके पर पहुंचे। घायल परिवार का इलाज सीएचसी बरकट्ठा में कराया गया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मामले को लेकर बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि यह काफी संवेदनशील मामला है। पुलिस जांच में जुट गई है। आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से अपराधियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और पूर्व विधायक जानकी यादव ने घटना पर दुख जाहिर किया है और कहा कि अपराधी को पकड़ना पुलिस की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जल्द से जल्द पीड़ित को न्याय मिले, इसे लेकर पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करे। आगे अपराध न हो, इसे लेकर पुलिस को कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## शराब घोटाले के आरोपी सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास निलंबन मुक्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने शराब घोटाले के आरोपी सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास को निलंबन मुक्त कर दिया है। दोनों अधिकारी झारखंड राज्य बीबरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक वित्त रहे थे। उन्हें 21 मई 2025 को भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास को 28 मई को निलंबित कर दिया गया था। लगभग तीन महीने तक जेल में रहने के बाद दोनों अधिकारियों ने फिर से 21 अगस्त 2025 को अपना योगदान दिया। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

### बिहार में सीट नहीं मिलने पर प्रतुल का जेएमएम पर तंज

## बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से निकले हम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को बिहार में महागठबंधन के द्वारा एक भी सीट नहीं दिये जाने पर तंज कसा। प्रतुल ने कहा कि उन्हें झामुमो की इस बेइज्जती से मिर्जा गालिब का शेर याद आ गया- बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से निकले हम। प्रतुल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जानना चाहा कि क्या वह इस अपमान का बदला लेने के लिए राजद के मंत्री को झारखंड में अपने मंत्रिमंडल से बाहर करने की इच्छा शक्ति दिखा पायेंगे या फिर अपमान का घूंट पी कर रह जायेंगे?



## कोडरमा के पत्रकार को पितृशोक


डोमी राम की फाइल फोटो।

कोडरमा (आजाद सिपाही)। सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी और आजाद सिपाही के कोडरमा संवाददाता अमित कुमार के पिता डोमी राम का शुक्रवार की रात निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन पर स्थानीय लोगों ने गहरा शोक जताया है। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक डॉ नीरा यादव के अलावा कोडरमा के साजिद हुसैन लल्लू, विजय यादव, विनय कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह राजू, जयप्रकाश राम, संजीव समीर, दीपक कुमार, नरेंद्र सिंह, सुशील अग्रवाल, विनोद कुमार मुन्ना, संतोष चंद्रवंशी, महेश भारती, दीपक कुमार नवीन शामिल हैं। वहीं बीएसपीएस के संस्थापक शाहनवाज हसन, जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णानंद भारती, सचिव जावेद इस्लाम, कोडरमा जिला अध्यक्ष कुमार रमेशम, सचिव अनिल कुमार सिंह, बिनोद कुमार, संदीप मुखर्जी, सत्येंद्र गौतम, सुधीर पांडेय, बिनोद बरनवाल, जयकांत मोदी, विनय दास, कौशल पांडेय, अरविंद सिन्हा, कन्हैया कुमार, श्रीकांत गुप्ता, रोहित दूबे, दीपक कुमार, चंद्रशेखर जोशी, रवि छावड़ा समेत जिले के अन्य पत्रकारों ने भी गहरा शोक जताया है।

## कैंपियन बेसिक अकादमी में रंगोली प्रतियोगिता



इचाक (आजाद सिपाही)। मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन एकेडमी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग प्रथम से लेकर वर्ग दशम के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी बच्चे वर्गवार अलग-अलग अनेक प्रकार के रंग बिरंगी रंगोली बनाया, जिसमें भारत माता की छवि से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक की कई प्रकार के चित्र बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आज के रंगोली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव एवं दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री फागू बेसरा तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, मुखिया अशोक कपरदार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, राजेश मेहता एवं अन्य अतिथि उपस्थित हुए। जानकी प्रसाद यादव ने बच्चों को उनके द्वारा बनाए अद्भुत कलाकृति की सराहना करते हुए कहा कि दीपावली एक दूसरे के साथ मिलकर खुशियां बांटने का त्यौहार है। उन्होंने सभी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। वहीं राज्य के दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री फागू बेसरा ने भी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दी।

## एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड पकरी बरवाडीह ने दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया




बड़कागांव (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड, पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने दिवाली मिलन समारोह को उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सिकरी टाउनशिप के खेल मैदान में मनाया। इस आयोजन में कर्मचारियों, उनके परिवारों, सीआईएसएफ कर्मियों और अन्य हितधारकों ने एक साथ मिलकर रोशनी, हंसी और सांस्कृतिक रंगों से भरपूर शाम का आनंद लिया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई सुब्रत कुमार दाश, परियोजना प्रमुख, पकरी बरवाडीह ने, जिनके साथ अनीता दाश, अध्यक्षा,जागृति महिला संघ तथा एनटीपीसी कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स, हजारीबाग के अन्य परियोजना प्रमुख भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन रंग-बिरंगी आतिशबाजी और उत्सवभोज के साथ हुआ, जो दीवाली के आनंद, एकता और उल्लास के प्रतीक है।

## झामुमो युवा विंग का मरकच्चो प्रखंड का विस्तार




मरकच्चो (आजाद सिपाही)। झामुमो युवा विंग के मरकच्चो प्रखंड का शनिवार को संगठनात्मक विस्तार हुआ। इसको लेकर प्रखंड के दशारो पंचायत के रेयनीटांड में बैठक हुई। बैठक पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष मो सद्दाम के नेतृत्व में हुई। अध्यक्षता सद्दाम और संचालन युवा मोर्चा के जिला सचिव छोटू कुमार यादव ने किया। इसमें प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर, उपाध्यक्ष चंदन दास और संदीप शरण, सचिव विकास रजक, संगठन सचिव एजाज मोहसिन को बनाया गया। पार्टी उपाध्यक्ष खलील अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव अफ्जाल अंसारी ने सभी नवनियुक्त युवा मोर्चा के पदाधिकारी को बधाई दी। बैठक में कई प्रखंड कार्यकारी सदस्य भी मनोनीत किया गया। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पंचायत अध्यक्ष, सचिव समेत कमेटी का गठन कर अति शीघ्र कार्यालय में सूचित करना है। बैठक में समाजसेवी क्यूम अंसारी, बंशी पासवान, मुबारक, रिजवान, मो अख्तर, प्रेम कुमार आदि उपस्थित थे।

## मरकच्चो में खुला श्री जीपी ज्वेलर्स



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मध्य पंचायत स्थित कोटवार मुहल्ला में शनिवार को श्री जीपी ज्वेलर्स का उद्घाटन मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता, स्थानीय मुखिया रानी सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर की। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने गांगो पोद्दार एंड संस के संचालक की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सोने चांदी के आभूषण की दुकान खुलने से अब ग्रामीणों को सोना, चांदी के आभूषण खरीदने के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। संचालक गांगो पोद्दार एंड संस ने बताया कि हमारे दुकान में हॉल मार्क के आभूषण मिलेगा। आभूषण की गुणवत्ता व शुद्धता की गारंटी होगी। मौके पर रविशंकर सिंह रिंकू, एएसआई गोविंद सिंह, श्री पोद्दार, सकलदेव सिंह, विवेक तमोली, अकरम अंसारी, बिनोद सिंह, रोहित वर्णवाल, गांगो पोद्दार, अरुण पोद्दार, अरुण सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## बरियठ प्रीमियर लीग का हुआ आयोजन



इचाक (आजाद सिपाही)। इचाक प्रखंड के बरियठ गांव में बरियठ प्रीमियर लीग ( बीपीएल) का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन कांग्रेस नेता दिगंबर कुमार मेहता एवं मुखिया निशु कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और बैटिंग कर किया। उद्घाटन मैच हजारीबाग और सूरजपुरा के बीच खेला गया, जिसमें हजारीबाग की टीम ने 10 ओवर में 105 रन बनाए वहीं सूरजपुरा की टीम 51 रन पर आउट हो गयी। जिसके बाद हजारीबाग की टीम विजेता बनी। टूर्नामेंट में 14 टीमों ने भाग लिया है। इस अवसर पर समाज सेवी राजबल्लभ मेहता सुरेश प्रसाद, दिनेश मेहता, निरंजन, गोबिंद, महेंद्र मेहता, दिनेश यादव, विकास, अभिषेक, तुलसी मेहता, भोला मेहता, पिंटू, अनूप, अर्जुन, राजूमनीष समेत आयोजक टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# हजारीबाग की जनता की आवाज अब विकास के रूप में दिख रही है : विधायक प्रदीप प्रसाद

**विधायक प्रदीप प्रसाद के प्रयासों से हजारीबाग की जर्जर सड़कों पर लौटी रौनक**

उमेश पांडेय



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र की सड़कों की बदहाली लंबे समय से जनता की सबसे बड़ी समस्या रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर गड्ढों, जलजमाव और कीचड़ ने लोगों का जीना दूभर कर दिया था। आम नागरिकों से लेकर विद्यार्थियों, दुकानदारों, रिक्शा चालकों और वाहन चालकों तक, सभी इस स्थिति से परेशान थे। शहर के विकास का चेहरा मानी जाने वाली सड़कें, बदहाली का प्रतीक बन चुकी थीं।

इन परिस्थितियों में क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की तकलीफ को समझा और बार-बार नगर निगम, जिला प्रशासन और राज्य सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। जब कई बार निवेदन के बावजूद सुधार कार्यों में गति नहीं आई, तब उन्होंने जनता की भावना को व्यक्त करते हुए लेपो रोड पर बैल से हल जोतकर एक अनोखे और प्रतीकात्मक विरोध का मार्ग अपनाया।

लेपो रोड सहित नगर निगम क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़कों का पुनर्निर्माण पूर्ण हो चुका है। जहां कभी गड्ढे और कीचड़ थे, वहां अब पक्की, स्वच्छ, और सुगम सड़कें हैं।

इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि, जब जनता की आवाज को ईमानदारी से उठाया जाता है, तो नतीजे अवश्य मिलते हैं। यह सड़कों का पुनर्निर्माण केवल विकास नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और जनशक्ति की जीत है। हमेशा जनता की समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी माना है, और आगे भी जनहित से जुड़े हर मुद्दे को उतनी ही मजबूती से उठाता रहूंगा। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्य जनता, प्रशासन और जनप्रतिनिधि तीनों के समन्वय का परिणाम है।

प्रदीप प्रसाद ने बताया कि नगर निगम, एनएच सड़कों, नालों और जल निकासी व्यवस्था के सुधार हेतु भी योजनायें तैयार की जा रही हैं। आने वाले चरणों में शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को भी दुरुस्त किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हजारीबाग के नागरिकों की सुविधा और सम्मान मेरी प्राथमिकता है।

## इचाक में रविंद्र पैलेस शादी घर का हुआ भव्य उद्घाटन

# रविंद्र पैलेस इस क्षेत्र के लिए नयी पहचान बनेगा : फागू बेसरा

**शादी घर बनने से इचाक समेत आसपास के लोगों को होगी सहूलियत : जानकी यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के इचाक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक नवनिर्मित रविंद्र पैलेस शादी घर का भव्य उद्घाटन शनिवार को हुआ। उद्घाटन दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव, जेएमएम जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया, संचालक की माता आशा देवी, दादी यशोदा देवी ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। फागू बेसरा ने कहा कि रविंद्र पैलेस का निर्माण इस क्षेत्र के लिए एक नयी पहचान बनेगा। इससे स्थानीय लोगों को विवाह, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक सुसज्जित स्थल प्राप्त हुआ है। वहीं जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि ऐसे शादी घर सह बैंक्वेट हॉल बनने से इचाक समेत आसपास के लोगों को सहूलियत होगा। वहीं झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि अब प्रखंड स्तर पर ऐसे होटल और शादी घर खुलने से स्थानीय लोगों को सहूलियत होगी और शहर जाने से बचेंगे।

पैलेस के संचालक नागेंद्र प्रसाद उर्फ सोनू ने बताया कि पैलेस को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यहां वातानुकूलित हॉल, पार्किंग व्यवस्था और अतिथियों के लिए सभी आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई गयी हैं।

समारोह के अंत में अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा, जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, आंदोलनकारी नेता आरके मेहता, निवर्तमान विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता देवी, समाजसेवी रविशंकर उर्फ भोला, जेके सिंह, मुखिया अशोक कपरदार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, पंसस सह झामुमो प्रखंड सचिव बिक्की खत्री, कोषाध्यक्ष अभिषेक, उपाध्यक्ष संतोष मेहता, झामुमो प्रवक्ता कुणाल, दिगंबर, गंगेश्वर, कैलाश, दिनेश, उमेश, सुनील समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लोहासीकर-वृंदा लरियाडीह सड़क मरम्मत में लीपापोती पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उठाया सवाल, कहा

# जनता के पैसे की हो रही बर्बादी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत प्रखंड कोडरमा के लोहासीकर से वृन्दा लरियाडीह तक (लंबाई 2.650 कि.मी.) सड़क विशेष मरम्मति कार्य में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि कार्य विभाग और संवेदक की मिलीभगत से सड़क निर्माण में लीपापोती की जा रही है। बताया जा रहा है कि जमीन पर काम पेपर के अनुरूप नहीं हो रहा है, जिससे गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस योजना का शिलान्यास स्थानीय सांसद और विधायक ने पिछले 31 अगस्त को किया था। लेकिन कुछ ही महीनों में सड़क निर्माण की स्थिति देखकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य स्थल पर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और सड़क की परत मात्र उपर से लगाकर खानापूर्ति की जा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि यह जनता के पैसे की खुली लूट है। संवेदक और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी राशि की बबार्दी की जा रही है। सरकार से इसकी जांच की मांग की जायेगी और जरूरत होने पर शिकायत भी दर्ज कराई जायेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभाग जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाता है, तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

ग्रामीणों ने भी मांग की है कि कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके और सड़क निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

## सहायक अध्यापक संघ की बैठक, 5 नवंबर को धरना

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सहायक अध्यापक संघ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो तनवीर आलम एवं संचालन राजेश सिंह ने किया। बैठक मुख्य रूप से 5 नवंबर को झारखंड सरकार के मंत्री सुदिब्य कुमार सोनू का आवास पर एक दिवसीय धरना एवं 15 नवंबर को स्थापना दिवस पर सरकार का विरोध हेतु एक दिवसीय रैली के के आयोजन पर चर्चा की गयी। प्रखंड अध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय का सामान कार्य के समान वेतन आदेश को अविलंब पारित करें और हम सहायक अध्यापकों को वेतनमान लागू करें, नहीं तो झारखंड सरकार का विरोध प्रत्येक स्थान पर करेंगे। बैठक को साकिब महमूद, सुनील यादव, पुखराज साव, अजय यादव, शशिकांत सिंह, परमेश्वर यादव, राजेंद्र यादव, बिनोद दास, दीपक साव ने भी संबोधित किया गया।

# हजारीबाग : सीएचसी में दो महीनों से नहीं हुआ था ऑनलाइन स्टॉक संधारण, डीसी ने जतायी नाराजगी

**डीसी ने इचाक सीएचसी और करियातपुर पंचायत भवन का किया निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** डीसी शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को इचाक प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संपूर्ण अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम दवा भंडार गृह में जाकर दवाओं की उपलब्धता की जांच की तथा स्टॉक पंजी से वास्तविक स्टॉक का मिलान किया। बच्चों को दिये जा रहे टीकाकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने सिविल सर्जन को मॉनिटरिंग मैकेनिज्म को और सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया। अस्पताल में एंटी वेनम एवं एंटी रेबीज की उपलब्ध दवाओं की स्थिति की भी जांच की। डीसी ने निर्देश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्म लेने वाले प्रत्येक शिशु के संपूर्ण स्वास्थ्य का ट्रैक रिकॉर्ड नियमित रूप से संधारित किया जाये। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र और इम्यूनाइजेशन वैक्सीन से संबंधित डेटा को भी समय पर दर्ज रखने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पिछले दो महीनों से ऑनलाइन स्टॉक संधारण नहीं किया गया है। इस पर डीसी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित क्लर्क से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने खांसी से पीड़ित मरीजों की अनिवार्य रूप से टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नेत्र जांच वार्ड में उन्होंने तकनीशियन से जांच की संख्या की जानकारी ली और मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने मोतियाबिंद जांच हेतु 15 नवंबर तक विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया।

प्रसव कक्ष में निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवजात शिशु एवं माताओं के वजन की ट्रैकिंग सुनिश्चित करने को कहा और वेंटीलेटर की कार्य स्थिति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं, जिन्हें उपायुक्त ने गंभीरता से सुना और सिविल सर्जन को स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत डीसी ने करियातपुर पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भवन की साफ-सफाई बनाए रखने तथा योजना में चयनित लाभुकों की सूची दीवार लेखन के माध्यम से अंकित करने का निर्देश दिया। वीएलई कक्ष में जाकर उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र निर्गतीकरण प्रक्रिया की जांच की।

मौके पर सीएस अशोक कुमार, इचाक सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता, बीडीओ संतोष कुमार समेत प्रखंड के कई पदाधिकारी कर कर्मी उपस्थित थे।

## ब्लू वेल्स स्कूल मंडई में 'दीपोत्सव सह रंगोली प्रतियोगिता' का हुआ आयोजन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। ब्लू वेल्स स्कूल, मंडई में शनिवार को दीपावली के पूर्व संध्या पर दीपोत्सव एवं रंगोली प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्या सबिता लाल ने किया। इस अवसर पर प्राचार्या सबिता लाल ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की सृजनशीलता और कलात्मकता को विकसित करते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षिका साहिस्ता परवीन, तंजिला परवीन, श्रूती कुमारी का योगदान सराहनीय रहा।

## पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर मे रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। विद्यालय स्तर में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें सभी छात्राओं ने विभिन्न रंगों से रंगोली का निर्माण कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल विकाश कुमार पांडेय ने कहा कि रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल विकाश कुमार पांडेय, ममता मिस, मधु मिस, शबीना मिस, राजन सर, प्रकाश सर व विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आर्यन डीएवी मॉडर्न स्कूल में दीवाली प्रतियोगिता आयोजित



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झरपो में संचालित आर्यन डीएवी मोडर्न स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगोली, दीपक समेत अन्य कला दिखाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय के तेजस्वी, पुजा, लाडली, इशा, सोनपरी, मीरा, आदर्श, रिषव, चंदन, दीया, आईशा, लक्ष्मी, अनुष्का, आरूषि, देवी, साक्षी, खुशी समेत अन्य बच्चों ने भाग लिया। प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार ने बताया कि प्रत्येक त्योहार में प्रतियोगिता आयोजन करने से बच्चों के कला का निखार आता है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में रंजन प्रसाद, अनिल कुमार, किशोरी ठाकुर, मनिष, रविंद्र, रवि, अरूण, नेहा, ममता, विनिता, राधा, खुशी, सीमा, कविता, अनिता, सुधांशु ने अहम भूमिका निभायी।

## लीला गुरुकुल तुर्कबाद में रंगोली प्रतियोगिता



बरकट्ठा (आजाद सिपाही) । दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में लीला गुरुकुल तुर्कबाद में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, सौंदर्य-बोध और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में शिक्षक कुमार सौरभ पांडेय, प्रेम सागर, अजय कुमार चौधरी, शशि, आशीष, राजू, शिक्षिका कुमकुम बर्नवाल, विद्या चौधरी, पूजा बर्नवाल, मनीषा चौधरी अंशु आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही) । गुरुग्राम पब्लिक स्कूल में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने कई प्रकार के आकर्षित एवं संदेश देने लायक रंगोली बनाएं। बच्चों ने अपने रंगोली के जरिए नमामि गंगे अभियान, मोबाइल फोन का दुरुपयोग, गर्भवती महिला को मोबाइल से दूर रखने का संदेश, पर्यावरण संरक्षण तथा शिक्षा के महत्व को दशार्या। मौके पर विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन महथा ने सभी रंगोली को देखकर कहा कि इन रंगोलीयों से हम सभी को सीखने की जरूरत है। मौके पर मुख्य अतिथि विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन महथा, निदेशक प्रभात कुमार, प्राचार्य सुभाष कुमार, शिक्षक पंकज कुमार रीतलाल महतो, वासुदेव महतो, राजेश रंजन, रंजीत रंजन समेत अन्य उपस्थित थे।

## गुड ड्रीम पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता



चलकुशा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मसकेडीह में गुड ड्रीम पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह मुखिया किरण देवी, अंजना देवी, सविता देवी और मेराज उद्दीन उपस्थित हुए। सभी विजेता टीम को मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार देते हुए बच्चों प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राजेश कुमार, जियाउल सर, गुलाम अंसारी,शिवानी मिस, कृष्ण कुमार, अरुण कुमार, शंभू कुमार सिंह आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

## शारदा विद्या मंदिर में रंगोली प्रतियोगिता



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के योगियाटिल्हा शारदा विद्या मंदिर में स्कूल के छात्राओं के द्वारा दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य विजय कुमार यादव ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में रंगोली प्रतियोगिता में निखार होता है। मौके पर विद्यालय के निदेशक बासुदेव गोप, शिक्षक सुजीत कुमार रजक, सिकंदर सिंह, सचिन कुमार यादव, रंजीत रजक, सत्यदेव यादव, वीरेंद्र पंडित, आजाद अंसारी, सूरज कुमार सिंह, विनय तिवारी, गायत्री देवी, शिल्पी देवी, दीपिका यादव, किरण देवी, रिंकी देवी, सुनील रंजन, श्याम सुंदर यादव, राजू शर्मा, संतोषी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## आरएच पब्लिक स्कूल बुढ़ाखाप में दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आरएच पब्लिक बुढ़ाखाप (रामगढ़) में धनतेरस व दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंग बिरंगे रंगों के माध्यम से अपनी कला व रचनात्मकता प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के विभिन्न हाउसों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर टीम भावना के साथ सृजनशीलता का परिचय दिया। विद्यालय चेयरपर्सन प्रीति महतो व निदेशक संतोष कुमार महतो ने कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम, सृजनात्मकता और एकजुटता भावना को बढ़ावा देना है। साथ ही, सफल प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास तथा कलात्मक गुणों को विकसित करती हैं। वहीं, प्रिंसिपल सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि रंगोली भारतीय परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है, जिसे हमें आगे बढ़ाने की अवश्यकता है। वहीं, सीनियर ग्रुप में कलाम हाउस को प्रथम, गांधी हाउस को द्वितीय, जबकि कल्पना हाउस व शहीद निर्मल महतो हाउस को तृतीय स्थान मिला। इधर, जूनियर ग्रुप में शहीद निर्मल महतो हाउस को प्रथम, कल्पना हाउस को द्वितीय और गांधी व कलाम हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, विद्यालय परिवार ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक आरएन उपाध्याय, घनश्याम, शिवप्रसाद, विकास कुमार, कालेश्वर महतो, संतोष महतो , कविता कुमारी, देवंती कुमारी, शहनाज प्रवीण, संगीता कुमारी, पबीता कुमारी, बबीता कुमारी, रेखा कुमारी, किरण कुमारी, लक्ष्मी, ममता कुमारी, अंजू कुमारी, वीणा कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## रजरप्पा डीएवी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपावली एवं छठ पूजा के पावन अवसर पर डीएवी के जूनियर विंग एवं सीनियर विंग में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सर्वधर्म समभाव की भावना जागृत करना और भारतीय संस्कृति की विविधता को सम्मान देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी श्री आशीष झा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के युवा नेता श्री पीयूष चौधरी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और प्रत्येक व्यक्ति को दीपक की तरह समाज में उजाला फैलाना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रामायण पर आधारित लंका कांड एवं सीता स्वयंवर जैसे प्रसंगों का नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं छठ पूजा की विधियों—नहाय-खाए, संध्या अर्ध, सुबह अर्ध, पारण एवं प्रसाद वितरण—को भी बच्चों ने अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा और छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ शर्मा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## 30 को होगा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर का भूमि पूजन



गोला (आजाद सिपाही)। श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला में मंदिर समिति की बैठक कपिल देव प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विगत शारदीय पूजा में हुई आय और व्यय का ब्यौरा सचिव सनत कुमार सिन्हा एवं संयोजक मनोज मिश्र ने प्रस्तुत किया। बताया कि विगत कई वर्षों से क्षेत्र के श्रद्धालू पूजा में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। सभी के तन मन धन से सहयोग के कारण पूजा धूमधाम से संपन्न किया जा रहा है। समिति के कोष में धनराशि की वृद्धि हो रही है। दूसरी ओर अध्यक्ष कपिल देव प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुशील कुमार बुधिया, सह सचिव जनार्दन पाठक, सक्रिय सदस्य कुंवर कुमार बख्शी, निहार रंजन, शिवप्रकाश, विजय प्रसाद, पंकज कुमार बुधिया, पवन कुमार अग्रवाल सहित कई ने पचास वर्ष पुराने मंदिर के भवन की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भवन का नवनिर्माण किया जाना चाहिए। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने मंदिर भवन का भव्य रूप देने पर सहमति बनी। मंदिर के नवनिर्माण के लिए तत्काल कपिल देव प्रसाद अग्रवाल, सनत कुमार सिन्हा, पंकज बुधिया, सुशील बुधिया, पवन ने एक एक लाख 11 हजार करके दान देने, कुंवर बक्सी ने 51 हजार रुपए और रवि कुमार सिन्हा ने 51 हजार रुपया देने की सहमति दी। इसपर कहा गया कि तीस अक्टूबर को मंदिर के नवनिर्माण का भूमि पूजन किया जायेगा। क्षेत्र के लोगों से मंदिर के नवनिर्माण में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की गयी। मौके पर सनेल राम नायक, कपिल देव प्रसाद, नरसिंह प्रजापति, शुभम लोधा, शौरभ बुधिया, शौरभ सुमन मौजूद थे।

## वन विभाग ने मिलर मशीन को किया जब्त

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गंधोनिया से वन विभाग की टीम ने निर्माण कार्य में लगे मिलर मशीन को जब्त किया है। जब्त मिलर मशीन को टीम अपने साथ कार्यालय ले गई। बताया गया कि गंधोनिया पुल से दामोदर नदी तक करीब 3.10 किलोमीटर तक पीसीसी, गार्डवाल, काली करण पथ का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य में वन विभाग की भूमि होने की बात कही गई है। निर्माण कार्य के साथ प्रॉपरइटर पूरन महतो को निर्माण कार्य में वन विभाग के भूमि को छोड़ देने को कहा गया था। इसके बाद भी प्रॉपरइटर ने निर्माण कार्य जारी रखा। इसे देखते हुए शनिवार को वन रक्षी नीलेश पोद्दार ने अपनी टीम के साथ निर्माण कार्य पहुंचे। वन विभाग को देख कर निर्माण कार्य में लगे वाहन चालक वाहन को भागने में सफल रहा। मिलर को जब्त किया गया। वनरक्षी नीलेश पोद्दार ने बताया कि वाहन को जब्त किया गया है। आगे की करवाई की जा रही है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल में चलाया जांच अभियान

# तीन प्रतिष्ठानों पर 25-25 हजार का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** दीपावली में मिलावटी मिठाइयों की बिक्री की शिकायत पहले से ही मिल रही है। डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने कई होटल में जांच अभियान चलाया। अभिहित अधिकारी सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवल कुमार और खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शनिवार को आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए के विभिन्न होटल एवं मिठाई दुकानों में विशेष निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रामगढ़ कॉलेज गेट स्थित होटल मिलन का निरीक्षण किया गया। ब्लॉक चौक रामगढ़ स्थित एल बी फूड, उमेश स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि एल बी फूड एवं उमेश स्वीट्स के द्वारा बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार किया जा रहा है। एलबी फूड और उमेश स्वीट्स को 25 हजार का जुर्माना लगाया गया। नयी सराय स्थित सिद्धि स्वीट्स के द्वारा मात्र एफएसएसएआइ पंजीकरण प्राप्त करके ही प्रतिष्ठान चलाया जा रहा है। सिद्धि स्वीट्स पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया। अन्य खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठान का भी निरीक्षण किया गया एवं जरूरी दिशा निर्देश दिया गया।



### गुणवत्ता, लेबलिंग और स्वच्छता पर दें ध्यान

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे एक्सपायरी उत्पाद न बेचें, सभी खाद्य सामग्री पर स्पष्ट लेबलिंग करें, नियमित पेस्ट कंट्रोल करायें और होटल/रेस्टोरेंट स्टाफ द्वारा एप्रोन, ग्लव्स और हेडगियर का पालन सुनिश्चित करें। खाना बनाने में साफ पानी का उपयोग करने, कर्मियों की स्वच्छता पर ध्यान देने, एफएसएसएआइ मानक वाले खाद्य पदार्थ का प्रयोग करने, उचित लेबलिंग के साथ खाद्य सामाग्री को पेकिंग करने, सिंथेटिक कलर का प्रयोग न करने और अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करने का निर्देश दिया।

# सोहराय परब झारखंड की मिट्टी, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है : द्वारिका प्रसाद

**सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा कार्यक्रम में निकला शोभायात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के तत्वावधान में शनिवार को सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा का आयोजन किया गया। सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा कार्यक्रम जिला मैदान से शुरू होकर रामगढ़ कॉलेज मैदान में जाकर समाप्त हुई। कार्यक्रम में झारखंड के साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा के भी हजारों लोग अपने-अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ 'बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच' के आह्वान पे 'सोहराई चांचइर आर बरदखूंटा' में शामिल हुए।

**पचास हजार लोगों ने कार्यक्रम में लिया भाग :** वक्ताओं ने बताया कि इस कार्यक्रम में पचास हजार से अधिक लोग शहर के जिला मैदान में जुटें। वहां से शोभायात्रा के रूप में चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक, ब्लॉक चौक होकर रामगढ़ कॉलेज मैदान में पहुंचे। यहां बरदखुंटा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक हजार वालंटियर तैनात थे। बताया कि आयोजन की सफलता और नियंत्रण के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया था। जगह-जगह पर वालंटियर तैनात थे। पानी की व्यवस्था के साथ-साथ एंबुलेंस सहित मेडिकल टीम भी साथ में थी।

दूसरे राज्य से आने वाले कला प्रेमियों को रहने की व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम में दो हजार से अधिक ढोल - नगाड़े व पांच सौ चांचइर की टीमें भाग लिया।

**सोहराय परब झारखंड की मिट्टी, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग :** मौके पर द्वारिका प्रसाद ने कहा कि सोहराय परब झारखंड की मिट्टी, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। यह प्रकृति, पशुपालन, कृषि जीवन और सामुदायिक एकता का उत्सव है। सोहराय पेंटिंग, पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य, और लोकनाट्य इसके जीवंत स्वरूप हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से इन सभी विधाओं का वास्तविक और नाटकीय प्रदर्शन किया जायेगा ताकि नई पीढ़ी अपनी धरोहर से परिचित हो सके।

### प्रसिद्ध सोहराय पेंटिंग को मंच पर किया प्रस्तुत

झारखंड की प्रसिद्ध सोहराय पेंटिंग को मंच पर प्रस्तुत किया गया। यह कला अब जीआई टैग से मान्यता प्राप्त कर चुकी है। जिसका अर्थ है कि यह विशिष्ट रूप से झारखंड के भू-भाग से जुड़ी कला है और इसके प्रामाणिक संरक्षण का अधिकार यहीं के कलाकारों को प्राप्त है। कार्यक्रम में स्थानीय एवं प्रामाणिक कलाकारों को अवसर दिया गया ताकि उनकी कला को राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके।

## बैदबीघा में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बैदबीघा में 25 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन टंडवा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने विधिवत फीता काटकर किया। बैदबीघा गांव बीते एक माह से अंधेरे में था। बताते चलें कि बैदबीघा गांव में पतरा टोला है जहां अधिकांश लोग अनुसूचित जाति के गरीब परिवार से हैं, वहां के लोगों को अंधकार का सामना करना पड़ रहा था और बच्चों की पढ़ाई भी अंधेरे के कारण प्रभावित हो रही थी। इस बात की जानकारी टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने सांसद काली चरण सिंह की दी, संज्ञान में आते ही सांसद के निर्देश पर त्वरित रूप में बैदबीघा अम्बापत्रा को अभिलंब 25 केवी ट्रांसफार्मर उपलब्ध किया गया। दीपावली पर्व के पूर्व लाईट व्यवस्था दुरूस्त होने पर बैदबीघा ग्राम वासियों ने इसके लिए सांसद के प्रति आभार प्रकट किया।इस मौके पर भाजपा वरिष्ट नेता प्रमोद कुमार सिंह, राम चन्द्र प्रसाद सांसद प्रतिनिधि पेयजल एवं स्वक्षता विभाग,भूषण कुमार सिंह,उपेन्द्र चौबे, विजय भुइयां, पुनीत भुइयां, तुलसी भुइयां, अमेरिका भुइयां, लवकुश भुइयां, नगवा भुइयां व अन्य उपस्थित थे।

## आदिम जनजाति परिवार के बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण



**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मंधनियां पंचायत के युवा समाजसेवी राजेंद्र भारती ने शनिवार को पंचायत क्षेत्र के होसिर गांव में आदिम जनजाति परहिया परिवार के बच्चों के बीच कलम, कॉपी, सिलेट और पेंसिल वितरण किया। बच्चों की माता-पिता से बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजने के लिए प्रेरित भी किया। राजेंद्र भारती ने बताया कि आदिम जनजाति परहिया परिवार के पचास बच्चों के बीच कलम, कॉपी, सिलेट तथा पेंसिल वितरण किया गया है। सभी बच्चे को सही समय पर प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अपील किया गया है ताकि बच्चे पढ़ लिख कर भविष्य में नाम रोशन करें। उन्होंने कहा की शिक्षा जीवन का अनमोल धन है। बच्चे भविष्य होते हैं। अगर बच्चे पढ़ते लिखते हैं तो यह समाज के लिए एक बड़ा काम होगा। इस दौरान नारायण यादव, अजय प्रसाद केसरी, रूपेश यादव, पिंटू सिंह भोगता, करम परहिया, धुमाली परहिया, नंदकिशोर परहिया समेत अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## धनतेरस में टंडवा में जम कर हुई खरीददारी



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** महालक्ष्मी पूजा को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गयी है, धनतेरस को लेकर टंडवा समेत धनगडा मिश्रौल सेरनदाग सराढु, बड़गांव आदि जगहो पर छोटी बड़ी दुकाने सज कर तैयार है। ग्राहको को लुभाने के लिए हर व्यवसायिक प्रतिष्ठानो की चमक बढ़ गयी है। टंडवा के जेवर प्रतिष्ठान एवं दो पहिया वाहन शो रुम तथा इलेक्ट्रॉनिक दुकानो में विषेश छुट देकर ग्राहको को अपने ओर आकर्षित करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। इधर सोने चांदी के खरीदारी पर अलका ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार दिए जाएगें। प्रतिष्ठान के संचालक राजेंद्र उर्फ राजू सोनी ने बताया कि जेवर में हॉल मार्क 91.6 के 22 कैरेट सोने के पांच ग्राम के जेवर लेने पर पांच ग्राम के चांदी के सिक्का उपहार में मिलेगें, वहीं दस ग्राम से अधिक सोने के जेवर की खरीदारी पर आकर्षक उपहार दिये जायेंगें।

# ठाकुरगोड़ा में फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ओरला पंचायत अंतर्गत ग्राम ठाकुरगोड़ा में तीन दिवसीय रमेश गंझु मेमोरियल फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मांडू प्रखंड भाग संख्या तीन की जिला परिषद सदस्य दयामंती देवी, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, बुमरी पंचायत मुखिया करण बेदिया ने फुटबॉल किक मारकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच नीलांबर पीतांबर क्लब तेहराटांड़, गिद्दी बनाम मांझी टोला, ठाकुरगोड़ा के बीच खेला गया। जिसमें संघर्षपूर्ण और रोमांचक मैच में गिद्दी की टीम ने ठाकुरगोड़ा को 1-0 से पराजित कर विजेता बना। आयोजित खेल प्रतियोगिता में कुल 16 टीम शामिल है। मौके पर ओरला पंसस प्रतिनिधि उमेश करमाली, पुरन गंझु, कमेटी अध्यक्ष संजय गंझु, सचिव गौतम गंझु, कोषाध्यक्ष मंदीप बास्के, उपसचिव ओमप्रकाश करमाली, विजय मुंडा, नरेश गंझु, संतोष गंझु, प्रदीप,अजय, छोटेलाल, सरस्वती कुमारी, चन्दन समेत कई खेल प्रेमी शामिल रहे।

# नयी स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ और ब्रेस्ट कैंसर जांच शिविर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने सदर अस्पताल, चतरा में कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद तथा जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुमारी उपस्थित थी। इस मौके पर उपायुक्त ने सदर अस्पताल परिसर से दो मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही ब्रेस्ट कैंसर जांच शिविर का भी उद्घाटन किया गया। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से टंडवा प्रखंड के 27 गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करायी जाएंगी। इन यूनिट्स के जरिए ग्रामीणों को ब्रेस्ट कैंसर थर्मल स्कैनिंग, टीबी स्क्रीनिंग, डेंगू/ मलेरिया जांच और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की प्रमुख विशेषताएं एवं सुविधायें :** इन यूनिट्स को ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट में एक एमबीबीएस डॉक्टर, एक एएनएम, एक लैब टेक्नीशियन, एक फील्ड मोबिलाइजर और एक ड्राइवर की टीम तैनात की गयी है। यूनिट में फोर्स टैवलर 3350 वाहन का उपयोग किया गया है, जिसे आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस किया गया है।

इस मोबाइल यूनिट में ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग और आरटी-पीसीआर टीबी जांच की विशेष सुविधा उपलब्ध होगी। प्रत्येक यूनिट में प्रति माह लगभग 125 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग और समान संख्या में टीबी जांच की जायेगी।

## छठ घाट का किशुन कुमार दास ने लिया जायजा

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था एवं सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने शनिवार को चुंदरु धाम स्थित गेरुवा-चुंदरु नदी संगम छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट पर की जा रही तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। श्री दास ने एनटीपीसी प्रबंधन के अधिकारियों से बातचीत कर घाट की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मना दीपोत्सव

**सुख-समृद्धि का प्रतीक है दीपों का त्योहार दीपावली : हरजाप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ प्रकाश-पर्व दीपावली के अवसर पर इको फ्रेंडली दीपावली मनाया। दीपोत्सव की शुरूआत सुबह की प्रार्थना सभा से ही हो गयी। दिवाली पर आधारित विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। दीपावली पर आधारित सुविचार एवं संक्षिप्त भाषण की प्रस्तुति की गयी।

कक्षा नर्सरी से लेकर 11वीं तक के विद्यार्थियों ने रंगोली, दीप सज्जा, तोरण सज्जा तथा कक्षा सज्जा के साथ शुभकामना पत्र भी बनाए। दीपोत्सव का मनभर कर आनंद उठाया। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों ने राम-दरबार के अंतर्गत राम,लक्ष्मण सीता एवं हनुमान का वेश धारण किया तथा गणेश-लक्ष्मी के रूप में सुंदर छवि प्रस्तुत की। नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों ने कक्षा अध्यापिका की सहायता से दीपों को सजाया,पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने रंगोली बनायी। पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने रद्दी कागज से सुंदर-सुंदर शुभकामना पत्र बनाकर शुभकामना संदेश लिखा। कक्षा 6 से लेकर 11वीं तक की छात्राओं ने अलग-अलग थीम पर विद्यालय के प्रांगण में सुंदर रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य परमदीप सिंह कालरा, विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरिंदर पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरेंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुषविंदर पाल सिंह समेत कई उपस्थित थे।

### अंधकार को प्रकाश से हराया जा सकता है

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह जी ने सभी विद्यार्थियों को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनकी रचनात्मकता एवं प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ह्रदीपावली का त्यौहार हमें यह संदेश देता है कि अंधकार को प्रकाश से हराया जा सकता है। यह त्योहार भगवान राम की रावण पर विजय और अयोध्या वापसी की खुशी में मनाया जाता है। जो नए सिरे से शुरूआत और समृद्धि का प्रतीक है। हमें अपने अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करके उसमें ज्ञान रूपी प्रकाश भरने की चेष्टा करनी चाहिए।

पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. ETCECONIIIBBS 2025045, दिनांक : 10.10.2025

कार्य का नाम : पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल के अधीन पुरी स्टेशन में पर्यटक परिसर (Tourist Complex) की पहली और दूसरी मंजिल का निर्माण एवं GRP, RPF और पार्सल कार्यालयों के लिए अलग भवन का प्रावधान।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 2335.96 लाख, EMD : ₹ 13,18,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 06 (छह) महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.11.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B/G & G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर

PR-138/CI/25-26

# खात्मे की ओर नक्सली आंदोलन

छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में दो दिनों के भीतर 258 नक्सलियों का सरेंडर बड़ी कामयाबी है। कभी जो लाल गलियारा करीब 200 जिलों तक फैला हुआ था, अब सिमटकर 11 में रह गया है। लगता है कि नक्सलवाद अब अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है।

**नक्सली के जड़ को उखाड़ा :** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अभी तक सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 312 नक्सली मारे जा चुके हैं, जबकि 836 को गिरफ्तार किया गया है। इस साल मई में जब सुरक्षाबलों ने सीपीआइ (माओवादी) के जनरल सेक्रेटरी नरसिम्हा उर्फ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराया, तो नक्सल आंदोलन के केंद्र पर वह सबसे बड़ा वार था।

**नेतृत्व विहीन हुआ :** नक्सलियों में कई पोलित ब्यूरो के सदस्य भी थे, जिनके बाद आंदोलन नेतृत्वविहीन हो गया। चौतरफा पड़ रहे दबाव का नतीजा है कि बड़ी संख्या में नक्सली हथियार डाल रहे हैं। केवल इस साल ही अभी तक 16 सौ से ज्यादा नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

> **हालांकि चुनौती यहीं खत्म नहीं होती। सरकार ने 2015 में एक नेशनल पॉलिसी और एक्शन प्लान को मंजूरी दी थी, जिसमें विकास कार्य और स्थानीय समुदायों के अधिकारों व हकों को सुनिश्चित करना भी शामिल था।**

इन लोगों का मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला बताता है कि सशस्त्र आंदोलन की जिस वैचारिकी पर इन्हें यकीन था, वह टूट चुका है।

**लोगों में भरोसा :** नक्सल विरोधी आंदोलन इस पैमाने पर शायद सफल न हो पाता, अगर स्थानीय लोगों का समर्थन न मिलता। नक्सलियों ने दशकों तक आदिवासी इलाकों में डर के दम पर शासन किया। उन्होंने अपने मतलब के लिए स्थानीय लोगों को बाकी देश और विकास योजनाओं से दूर रखा। लेकिन, जैसे-जैसे इन क्षेत्रों में सरकारी योजनाएं पहुंचीं, नक्सलियों की पकड़ भी ढीली होती गयी।

**अगली चुनौती :** हालांकि चुनौती यहीं खत्म नहीं होती। सरकार ने 2015 में एक नेशनल पॉलिसी और एक्शन प्लान को मंजूरी दी थी, जिसमें विकास कार्य और स्थानीय समुदायों के अधिकारों व हकों को सुनिश्चित करना भी शामिल था। इसके बाद नक्सल प्रभावित इलाकों के लिए कई प्रोग्राम और स्कीम्स लाये गये।

**आदिवासियों का हक :** हिंसा से उबरने के बाद अगला बड़ा काम होगा इन परियोजनाओं में तेजी लाना। हर निर्णय और नीति के केंद्र में स्थानीय समुदाय, खासकर आदिवासी होने चाहिए। सरकार सुनिश्चित करे कि बदलाव की हवा समाज के उस तबके तक पहुंचे, जो दशकों से इससे वंचित रहा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आयुर्वेद के अथाह ज्ञान के अनुसार धनतेरस का महत्व त्योहार से कहीं बढ़कर है। यह मौसम में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों के साथ जब हेमंत ऋतु, यानी शीत ऋतु का आरंभ हो रहा होता है उस समय आता है। हमारे प्राचीन ऋषियों के अनुसार इस अवधि को कायाकल्प, विषहरण और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है। इस शुभ दिन से जुड़े पारंपरिक अनुष्ठान, जैसे कि मिट्टी के दीये जलाना और सोने-चांदी के बर्तनों की औपचारिक खरीद, स्वास्थ्य संरक्षण के प्रतीकात्मक और शारीरिक दोनों आयामों को दर्शाते हैं।**

# शुभ धनतेरसः आरोग्य से समृद्धि की ओर



**प्रतापराव जाधव**

दिवाली के त्योहार के आरंभ के प्रतीक धनतेरस के इस शुभ दिन को हम पारंपरिक रूप से समृद्धि, नवीनीकरण और नई शुरुआत के दिन के रूप में मनाते हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, यह दिन समुद्र मंथन यानि ब्रह्मांडीय महासागर के महान मंथन के दौरान देवी लक्ष्मी और देवताओं के वैद्य धन्वंतरि के दिव्य अवतरण का स्मरण कराता है। यह पवित्र दिन केवल भौतिक समृद्धि का ही नहीं, बल्कि इस गहरे सच का भी प्रतीक है कि वास्तविक संपन्नता संपूर्ण कल्याण से ही आती है।

संक्षेप में कहें तो, धनतेरस का त्योहार हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य ही सबसे श्रेष्ठ और सबसे चिरस्थायी धन है।

आयुर्वेद के अथाह ज्ञान के अनुसार धनतेरस का महत्व त्योहार से कहीं बढ़कर है। यह मौसम में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों के साथ जब हेमंत ऋतु, यानी शीत ऋतु का आरंभ हो रहा होता है उस समय आता है। हमारे प्राचीन ऋषियों के अनुसार इस अवधि को कायाकल्प, विषहरण और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है। इस शुभ दिन से जुड़े पारंपरिक अनुष्ठान, जैसे कि मिट्टी के दीये जलाना और सोने-चांदी के बर्तनों की औपचारिक खरीद, स्वास्थ्य संरक्षण के प्रतीकात्मक और शारीरिक दोनों आयामों को दर्शाते हैं। दीये की प्रज्वलित लौ चेतना के प्रकाश और अज्ञानता के निवारण का प्रतीक है, वहीं अपने उपचार गुणों और शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने की उल्लेखनीय क्षमता के कारण सोना और चांदी जैसी कीमती धातुएं आयुर्वेदिक चिकित्सा में हजारों सालों से महत्वपूर्ण मानी जाती रही हैं। यह पवित्र दिन अंतरावलोकन, कृतज्ञता और सचेत देखभाल को भी प्रोत्साहित करता है।

> **आयुर्वेद की धन-संपत्ति की अवधारणा अत्यंत समग्र और बहुआयामी है।**



> **अपनी सभ्यता के ज्ञान में निहित इन सरल, किंतु गहरे रूप से प्रभावी और समय-सिद्ध तरीकों को अपनाकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि समग्र कल्याण का दीप्तिमान प्रकाश हमारे घरों को प्रकाशित करे, हमारे परिवारों को स्वस्थ रखे और हमारे समुदायों का उत्थान करे। ऐसा करके, हम न केवल त्योहार के पारंपरिक महत्व का सम्मान करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी भी निभाते हैं।**

आयुर्वेद हमें सिखाता है कि तीन मूलभूत जैव-ऊजाओं–वात, पित्त और कफ जिन्हें सामूहिक रूप से त्रिदोष कहा जाता है उनका सामंजस्यपूर्ण संतुलन कितना आवश्यक है। इनका संतुलन हमारे जीवन में उत्साह, हमें मजबूत बनाने और हमारी दीघार्यु को सुनिश्चित करता है। जब ये तात्विक शक्तियां हमारे शरीर में संतुलन में रहती हैं, तो वे ओजस को जन्म देती हैं, यह तीव्र शक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता और आध्यात्मिक तेज का सूक्ष्म सार है। यह ओजस स्थायी समृद्धि का सच्चा आधार है, जो केवल भौतिक समृद्धि या लौकिक सफलता से कहीं आगे तक फैला हुआ है।

आयुर्वेद की धन-संपत्ति की अवधारणा अत्यंत समग्र और बहुआयामी है।

यह हमें सरल किन्तु परिवर्तनकारी अभ्यासों के माध्यम से अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में सचेत निवेश करने का निमंत्रण देती हैं। इनमें पौष्टिक मौसमी खाद्य पदार्थों से अपने शरीर का पोषण करना, ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से मन की शांति बनाये रखना, पर्याप्त और आरामदायक नींद सुनिश्चित करना, सौहार्दपूर्ण संबंध बनाना और कृतज्ञता एवं संतोष की भावना को बढ़ावा देना शामिल है। ये केवल औपचारिक अनुष्ठान नहीं हैं, बल्कि चिर-सम्मानित स्वास्थ्य नुस्खे हैं जो हमारी सहनशक्ति को मजबूत करते हैं, हमारी प्रतिरक्षात्मकता को बढ़ाते हैं, तथा हमारे जीवन में स्थिरता और शांति लाते हैं।

धनतेरस के समय होने वाले मौसमी परिवर्तन के दौरान, आयुर्वेदिक पद्धतियों जैसे अभ्यंग (तेल मालिश), घी और गर्म मसालों का सेवन, योग का अभ्यास, तथा पाचन और मौसमी आहार को अपनाने का एक उपयुक्त अवसर होता है। हजारों वर्षों के अनुभवजन्य ज्ञान पर आधारित ये निवारक उपाय हमें मजबूत और स्वस्थ बनाने और बीमारियों को आने से पहले ही रोकने में मदद करते हैं।

आज के आधुनिक समय में, जहाँ जीवनशैली संबंधी विकार महामारी के रूप में फैल रहे हैं और तनाव से जुड़ी बीमारियाँ लाखों लोगों को प्रभावित कर रही हैं, आयुर्वेद का प्राचीन ज्ञान व्यावहारिक, सुलभ और प्रभावी समाधान प्रदान करता है।

आयुष मंत्रालय इन पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवा में एकीकृत करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है, जिससे हर भारतीय परिवार स्वस्थ हो सके और साथ ही इस अमूल्य ज्ञान को दुनिया के साथ भी साझा किया जा सके।

इस धनतेरस पर, मैं सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक पद्धतियों को अपनाने की हार्दिक अपील करता हूं।

सब लोग संतुलित और मौसमी पोषण को प्राथमिकता दें, नियमित स्व-देखभाल दिनचर्या अपनायें, सचेत जीवन जियें, निवारक स्वास्थ्य उपाय अपनाएं, और शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य बनाए रखें। आइए, हम इस पावन पर्व का सम्मान केवल सोना-चांदी खरीद कर भौतिक समृद्धि प्राप्त करके ही न करें, बल्कि अपनी सबसे मूल्यवान और अपूरणीय संपत्ति-अपने स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की प्रतिबद्धता लेकर भी करें।

अपनी सभ्यता के ज्ञान में निहित इन सरल, किंतु गहरे रूप से प्रभावी और समय-सिद्ध तरीकों को अपनाकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि समग्र कल्याण का दीप्तिमान प्रकाश हमारे घरों को प्रकाशित करे, हमारे परिवारों को स्वस्थ रखे और हमारे समुदायों का उत्थान करे। ऐसा करके, हम न केवल त्योहार के पारंपरिक महत्व का सम्मान करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी भी निभाते हैं। यह धनतेरस हमारे देश के हर घर में न केवल भौतिक सम्पति बल्कि दीर्घकालिक, सौष्ठव, प्राकृतिक संतुलन, मानसिक शांति और सच्चा आनंद लेकर आये। आइए हम एक ऐसा त्योहार मनायें जो वास्तव में शरीर का पोषण करे, मन को ऊजार्वान बनाए और आत्मा का उत्थान करें, जिससे स्वास्थ्य और संपूर्णता की एक अमूल्य विरासत का निर्माण हो सके जो आने वाली पीढ़ियों तक गूंजती रहेगी। शुभ धनतेरस!

**(लेखक : केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### कदमा डकैती कांड का एक सप्ताह में खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा रामनगर रोड नंबर 2 में बीते 9 अक्टूबर को हुई 20 लाख की डकैती के मामले का पुलिस ने एक सप्ताह में खुलासा कर दिया। शनिवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया इस मामले में जुगसलाई, बिरसानगर और आदित्यपुर के रहने वाले पांच हिस्ट्रीशीटर आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी में कुणाल सिंह मुंडा, कृष्णा लोहार, सयोराज सिंह, फहीम आलम और मो. सद्दाम शामिल है। आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली, सोने का ब्रेसलेट, टाइटन घड़ी, बिना नंबर की स्कूटी और एक टेंपो बरामत किया गया। छापेमारी टीम में डीएसपी मनोज ठाकुर, सन्नी वर्धन समेत कई थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### जुगसलाई में आदेश की अनदेखी, पार्क मैदान में लगायी गयीं पटाखा की दुकानें



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई में व्यापारियों ने जिला प्रशासन के आदेश की अनदेखी करते हुए पटाखा दुकानों को पार्क मैदान में ही सजा दिया। डीसी के निर्देश पर उन्हें आरपी पटेल स्कूल परिसर में दुकान लगाने का लाइसेंस दिया गया था। प्रशासन ने पहले कहा था पार्क रेलवे क्षेत्र में आता है, इसलिए व्यापारियों को एनओसी लेना होगा, जो नहीं लिया गया, लेकिन विधायक की पहल पर पटाखा दुकानों को पार्क मैदान में ही सजा दिया गया। दुकानें खुल गयीं और प्रशासन मूकदर्शक बने रहे।

### विधायक मंगल कालिंदी ने घाटशिला में किया जनसंपर्क, झामुमो प्रत्याशी को वोट देने की अपील



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के मुसाबानी प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया।शनिवार को अभियान के दौरान उन्होंने उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन को समर्थन देने की अपील की। विधायक ने कहा रामदास सोरेन के अधूरे कार्यों को अब उनके पुत्र सोमेश पूरा करेंगे। विधायक ने हेमंत सोरेन सरकार के विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा सरकार सभी वर्गों को ध्यान में रखकर काम कर रही है।

# चाइबासा में दो नक्सली गिरफ्तार, बैट्री और वायर समेत आइइडी सामग्री बरामद

**पुलिया विस्फोट मामले में की गयी गिरफ्तारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस, कोबरा,सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की संयुक्त कार्रवाई में दो सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने बताया 9-10 अक्टूबर की रात रातामाटी में पुलिया को उड़ाने की घटना में ये नक्सली शामिल रहे।

गिरफ्तार नक्सलियों में अलब्रेट लोगगा उर्फ रेंगी लोमगा, विकास लोमगा उर्फ रापा लोमगा उर्फ गवरी लोमगा उर्फ बालका लोमगा शामिल है। उनके पास से 09 वोल्ट की बैट्री (22 पीस),लगभग 200 मीटर बिजली का तार (जो विस्फोट में प्रयुक्त आईईडी उपकरणों में इस्तेमाल होते हैं) बरामत किया गया।

एसपी ने नक्सल गतिविधियों में शामिल लोगों से झारखंड सरकार की सरेंडर और पुनर्वास नीति का लाभ उठाने की अपील की, ताकि वे मुख्यधारा में लौट सकें।

इस अभियान में चाईबासा पुलिस और सीआरपीएफ की 26वीं बटालियन की टीम शामिल रहे। उन्होंने कहा पुलिस का नक्सल विरोधी अभियान जारी है और आने वाले दिनों में और भी कार्रवाई की संभावना है।

### सरायकेला जिला प्रशासन ने आतिशबाजी के संबंध में जारी किये दिशा-निर्देश




**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला जिला प्रशासन ने दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर आतिशबाजी के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आतिशबाजी की बिक्री और प्रदर्शन केवल अनुमोदित स्थलों पर ही किया जा सकेगा। बिना अनुमति के संचालित अस्थायी पटाखा दुकानों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। आतिशबाजी का भंडारण सुरक्षित और बंद शेड में किया जाएगा, जो एक-दूसरे से कम से कम तीन मीटर और संरक्षित भवनों से 50 मीटर दूर होंगे। सुरक्षा के सभी प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा। उपायुक्त नितीश कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि बच्चे वयस्कों की निगरानी में ही पटाखे फोड़ें और ज्वलनशील वस्तुओं से दूर रहें। अस्पताल, विद्यालय और पेट्रोल पंप के पास आतिशबाजी न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला के इलाज में लापरवाही



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक अज्ञात महिला के साथ लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला को शुक्रवार दोपहर ऑटो से अस्पताल लाया गया था, लेकिन चिकित्सा पदाधिकारी और डॉक्टरों ने उसे देखने के बाद बिना इलाज के अस्पताल परिसर के बाहर छोड़ दिया। चिकित्सा पदाधिकारी और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला की स्थिति खराब होने में डॉक्टरों की लापरवाही का हाथ है। सिविल सर्जन ने तत्काल चिकित्सा पदाधिकारी को भेजने की बात कही, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अस्पताल की इस लापरवाही से एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। लगातार मिल रही ऐसी घटनाओं ने अस्पताल की कार्यशैली और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं।

### सरयू राय ने छठ घाटों पर समुचित व्यवस्था के लिए डीसी को लिखा पत्र



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने छठ महापर्व को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम के डीसी को पत्र लिखकर विभिन्न छठ घाटों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने घाटों तक पहुंच मार्गों के समतलीकरण, सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, गोताखोरों, चेंजिंग रूम, पर्याप्त रोशनी और डेंजर जोन चिन्हित करने जैसी व्यवस्थाओं पर जोर दिया। सरयू राय ने जानकारी दी जनता दल (यू) के कार्यकर्ताओं और उनके प्रतिनिधियों ने छठ घाटों का दौरा कर वस्तुस्थिति का आकलन किया है। उन्होंने कहा जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र सोनारी दोमुहानी, डोबो पुल, बच्चा सिंह बस्ती, कपाली,साकची तिलु भट्टा घाट,कदमा गांधी घाट, शास्त्रीनगर (ब्लॉक 3, 4, 5), रामजनमनगर (रोड 1 व 9), सती छठ घाट, ग्रीन पार्क, रामनगर, नील सरोवर,मानगो क्षेत्र के गोकुल नगर रोड नं. 4, अनुकूल ठाकुर घाट (पोस्ट ऑफिस लास्ट),गौड़ बस्ती बगरा कुली, शांति नगर सूर्य मंदिर,वर्कर्स कॉलेज, साई सूरज आश्रम,शंकोसाई रामनगर, श्यामनगर, चाणक्यपुरी कॉलोनी, इंटेकवेल, अकाली घाट, बैकुंठनगर रोड नं. 4, वास्तु विहार, पारडीह, लक्ष्मणनगर शामिल है। विधायक सरयू राय ने आग्रह किया इन घाटों पर उचित इंतजाम कर छठव्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाया जाये। पत्र की प्रतिलिपि मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अक्षेस को भी भेजी गयी।

### पूर्व मंत्री बड़कुंवर गगराई की पहल के बाद दीपावली पर गांव में लौटी रौशनी



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** मझगांव विधानसभा क्षेत्र के हाटगम्हरिया प्रखंड अंतर्गत दीकुबालकांड पंचायत के दूधपानी टोला पुंडुसाई में दीपावली से पहले 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगने से गांव में फिर से रौशनी लौट आई। कई सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव अंधकार में डूबा था, जिससे ग्रामीण परेशान थे।इस समस्या की जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई ने त्वरित पहल कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटी और दीपावली की खुशियां मनाईं।पूर्व मंत्री गागराई ने कहा जनता की समस्याओं का समाधान करना दायित्व है। आने वाले समय में हाटगम्हरिया के अन्य इलाकों में भी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं बहाल की जाएंगी। मौके पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता, पंचायती प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। गांव में दीपावली का उल्लास और रोशनी का माहौल देखने को मिला।

## मृदा शिल्प दीपोत्सव का शुभारंभ, टाउन हॉल मैदान में सजे मिट्टी के दीये और खिलौने

# मिट्टी के दीये और खिलौने भारतीय संस्कृति की पहचान : अविनाश देव

**नागरिकों से की अपील, गोविंद हाई स्कूल मैदान पहुंचकर मिट्टी के दीये खरीदें**

### टाउन हॉल मैदान में ही की गयी है दीया बेचने वालों की बैठने की व्यवस्था : एसडीएम



मिट्टी के दीये देखते अविनाश देव, डीडीसी, एसडीएम एवं अन्य गणमान्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को गोविंद हाई स्कूल मैदान (टाउन हॉल के निकट) में मृदा शिल्प दीपोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कुम्हारों एवं मिट्टी से बने पारंपरिक उत्पाद बेचने वालों के लिए विशेष स्थल चिह्नित किया गया है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्र, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश और माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेला परिसर में पारंपरिक दीयों, मिट्टी के खिलौनों और मिट्टी की सजावटी वस्तुओं की बिक्री के लिए कई स्टॉल लगाए गये हैं। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय कुम्हारों को प्रोत्साहन देना और पारंपरिक कला को बढ़ावा देना है। इस लघु मेले में प्रायोजक के रूप में जेएमडी हीरो एजेंसी की भूमिका सराहनीय रही। अपने संबोधन में डीडीसी ने कहा कि इस दीपावली सदर एसडीएम की यह छोटी सी पहल स्थानीय कुम्हारों एवं कारीगरों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण और मनोबल बढ़ाने का अवसर बनेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी इस पर्व पर मिट्टी के दीयों का ही प्रयोग करें, जिससे स्थानीय कुम्हारों की आजीविका को बल मिले और पर्यावरण की रक्षा भी हो। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि मिट्टी के दीये न केवल हमारी परंपरा का प्रतीक हैं, बल्कि ग्रामीण अंचल के कारीगरों की मेहनत और स्वाभिमान का परिचायक भी हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और स्वदेशी मृदा शिल्प को बढ़ावा दें। जबकि जिला कल्याण पदाधिकारी सह परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने कहा कि इस दीपोत्सव का उद्देश्य कुम्हारों के हुनर को पहचान दिलाना है। कहा कि हर घर में मिट्टी के दीये जलाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं में हस्तकला के प्रति रुझान बढ़ेगा। वहीं, माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि मिट्टी के दीये और खिलौने भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस दीपावली प्लास्टिक या इलेक्ट्रॉनिक लाइटों की जगह मिट्टी के दीयों का उपयोग करें, जिससे न केवल परंपरा जीवित रहेगी बल्कि कारीगरों के घरों में भी रोशनी फैलेगी। इस दौरान जिला परिषद सदस्य दिनेश कुमार, डीपीएम विमलेश कुमार शुक्ला, सीएमएम कौशल कुमार ठाकुर, पूर्व पार्षद जितेंद्र कुमार सिंहा, अजय उपाध्याय, पंकज चौबे, दयाशंकर गुप्ता, देवेंद्र कुमार प्रजापति, ललन प्रजापति, प्रियम सिंह, अणिमा मिश्रा आदि में भी अपने विचार व्यक्त किये।

### टाउन हॉल मैदान में ही बैठें दीया और मूर्ति विक्रेता

एसडीएम ने कहा कि अक्सर देखने में मिलता है कि सड़क किनारे धूल भरे असुरक्षित माहौल में कई लोग दीये, खिलौने एवं अन्य सामान लेकर बेचने बैठ जाते हैं। उन्हें अब सड़क किनारे बैठने की जरूरत नहीं है। टाउन हॉल मैदान में पूरे साफ सफाई एवं पंडाल बनाकर उनको बैठने की व्यवस्था दी गई है। इसलिए सभी लोग रविवार और सोमवार को टाउन हॉल मैदान में ही बैठेंगे। कहा कि सड़क किनारे बैठना न केवल दुकानदारों और खरीदारों के लिए असुरक्षित और अस्वास्थ्य-वर्धक होता है बल्कि इससे आवागमन भी बाधित होता है। उन्होंने पुलिस नगर परिषद एवं ट्रैफिक से जुड़े कर्मियों से को भी निर्देश दिया कि शहर में जहां-तहां बैठे ऐसे छोटे-छोटे शिल्पकारों को टाउन हॉल मैदान में जाने के लिए प्रेरित करें।

### अधिकारियों ने 'दीये' खरीद किया प्रोत्साहित

मेला उद्घाटन के बाद डीडीसी और एसडीम सहित अन्य लोगों ने दुकानदारों से दीये भी खरीदे। वहीं, डीटीओ धीरज प्रकाश ने इन सभी कुम्हार परिवारों को मिठाई के डिब्बे प्रदान किये। उधर, उद्घाटन के पहले दिन 14 शिल्पकार परिवारों ने अपने स्टाल लगाए थे। रविवार से इनकी संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

# चिनिया में युवक की हत्या, झाड़ियों में मिला शव

## 48 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर थाना घेराव की चेतावनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल अंतर्गत चिनियां थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय एक युवक का शव क्षत विक्षत अवस्था में झाड़ी से बरामद हुआ। उसकी पहचान राजेंद्र कोरवा के पुत्र सुशील कोरबा के रूप में हुई है। आरोप है कि उसकी हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया गया है। उधर, सुशील कोरवा की मौत से इलाके में सनसनी फैल गयी है। बतातें चलें कि सुशील कोरवा विगत 11 अक्टूबर को गढ़वा में आयोजित भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी का कार्यक्रम देखने गया था। इसके बाद से ही वह वापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पिता ने 13 अक्टूबर को थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई थी। मृतक के पिता को शंका है कि चिनियां के यादव जाति के लोगों ने उसके बेटे की हत्या की है। उदर, थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि चिनियां के रोहित यादव, संतोष यादव एवं लोचन यादव ने सुशील कोरवा पर भैंस चुराने का आरोप लगाते हुए उसका कपड़ा, मोबाइल आदि थाना में जमा किया था। जिस पर सुशील के पिता ने पुत्र सुशील कोरबा को शीघ्र खोज कर लाने का पुलिस से गुहार लगाई थी। शुक्रवार को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसकी तलाश शुरू की, तो झाड़ियों से उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद हुआ। जिसे कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। इधर, परिजनों का आरोप है कि यादव लोगों ने ही सुशील कोरवा की हत्या की है। वहीं, आदिम जनजाति संघ के जिला अध्यक्ष नन्हेंश्वर कोरवा ने कहा कि 48 घंटे के अंदर दोषियों को गिरफ्तार कर एससी एसटी एक्ट और हत्या करने के जुर्म में कड़ी से कड़ी कार्रवाई नहीं की गयी तो थाना का घेराव करेंगें। वहीं, सुरेंद्र परहिया और हरेंद्र कोरवा ने भी कार्रवाई करने की मांग की है। इसके संबंध में पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम ने बताया कि मृतक सुशील कोरवा के पिता की ओर से छह दिन पहले चिनिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवायी गयी थी। पुलिस गुप्तचर और ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन में लगी थी। शुक्रवार को कुसुमदामर जंगल में सुशील कोरबा के शव को बरामद किया गया है। पुलिस जांच के बाद दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी। इस मौके पर एसआई नवीन कुमार राणा, एएसआई ओम प्रकाश, राधेश्याम कुमार और प्रेम कुमार आदि उपस्थित थे।

## धनतेरस पर भवनाथपुर में एक करोड़ से अधिक का कारोबार



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को धनतेरस पर बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। दिनभर लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिससे करीब एक करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सबसे अधिक भीड़ हीरो और टीवीएस बाइक एजेंसी में देखने को मिली। बंशीधर हीरो एजेंसी के प्रो मनीष कुमार ने बताया कि इस बार धनतेरस की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही। दो दिनों में हीरो कंपनी के विभिन्न मॉडल की 111 बाइकें बिकीं, जिनमें 2 लाख 70 हजार रुपये की करिज्मा जेडएमआर बाइक भी शामिल रही। सुबह से ही बाजारों में रौनक शुरू हो गई थी जो देर रात तक बनी रही। सड़कों पर पैदल चलना मुश्किल हो गया था। इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल फोन, सोना-चांदी के आभूषण, सिक्के, गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमाएं, और बर्तनों की खरीदारी ने बाजार को गुलजार कर दिया। विशेषकर महिलाओं में स्टील के बर्तन, डिनर सेट, थालियां, कप सेट, थर्मस और पूजा की थालियों की खूब मांग रही। वहीं, आभूषण दुकानदारों ने बताया कि भले ही भीड़ अन्य वर्षों की तुलना में थोड़ी कम रही, लेकिन बिक्री संतोषजनक रही। कुल मिलाकर धनतेरस का दिन भवनाथपुर के व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए खुशियां लेकर आया।

## नाला में डूबने से युवक की मौत

**विसुनपुरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के शारो गांव के मुड़ाअहरा में शौच के लिए गये एक युवक की नाला में डूबने से मौत हो गयी। उसकी पहचान हिरा कोरवा (25) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि हिरा शनिवार की सुबह शौच के लिए घर से निकला था। काफी देर तक घर लौटने पर चिंता हुई। इसी दौरान बकरी चराने गए कुछ ग्रामीणों ने देखा कि नाले में किसी का शव तैर रहा है। पास जाकर पहचान की तो शव हिरा कोरवा का निकला। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना विशुनपुरा थाने को दी। जिसके बाद एसआई मिनतुल्लाह खान अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, पड़ोसियों ने बताया कि हिरा कोरवा की पत्नी की दो साल पहले प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना ने उसके परिवार को और भी गहरी त्रासदी में डाल दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रंगोली धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आस्थाओं का प्रतीक : मदन प्रसाद केशरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जीएन एकान्वेंट (10+2) स्कूल में दीपों के त्योहार दीपावली के शुभ अवसर पर शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य सीबी सिन्हा और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि रंगोली का दूसरा नाम अल्पना भी है। प्राचीन काल में लोगों का विश्वास था कि ये कलात्मक चित्र शहर और गांव को धन-धान्य से परिपूर्ण रखने में समर्थ होते हैं और अपने जादुई प्रभाव से संपत्ति को सुरक्षित रखते हैं। इसी दृष्टिकोण से रंगोली कला का धार्मिक और सामाजिक अवसरों पर प्रचलन हुआ। रंगोली धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आस्थाओं की प्रतीक रही है। इसको आध्यात्मिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग माना गया है। भूमि-शुद्धिकरण की भावना एवं समृद्धि का आह्वान भी इसके पीछे निहित है। रंगोली में बनाए जाने वाले चिन्ह जैसे स्वस्तिक, कमल का फूल, लक्ष्मी जी के पग आदि समृद्धि और मंगलकामना के सूचक समझे जाते हैं। रंगोली भारत की संस्कृति और परंपराओं का मिला हुआ विरासत है जो प्राचीन काल में लोक चित्रकला का घोतक है। वहीं, प्राचार्य ने बताया कि रंगोली, भारत के समृद्धि और परिपूर्णता का सूचक है। कार्यक्रम का संचालन बसंत ठाकुर, जबकि धन्यवाद ज्ञापन संतोष प्रसाद ने किया। वहीं, छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। जिन्हें निदेशक ने प्रशस्ति पत्र, पेन एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर शिक्षक वीरेंद्र साह, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, मुकेश भारती, दिनेश कुमार, रागिनी कुमारी, शिवानी कुमारी, सरिता दुबे, चंदा कुमारी, वर्षा कुमारी, ऋषभ कुमारी, रंगोली प्रतियोगिता के नोडल इंचार्ज नीलम आदि मौजूद थे।

## विश्वविद्यालय टॉपर बनीं गढ़वा की बेटी पूर्णिमा



**डंडई/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आज का युग 'नारी शक्ति' के उत्कर्ष का युग है। देश के कोने-कोने में बेटियां न सिर्फ सदियों पुरानी रूढ़ियों को तोड़ रही हैं, बल्कि अपनी मेहनत और लगन से हर क्षेत्र में सफलता की नई कहानी लिख रही हैं। इन प्रेरणादायक उदाहरणों को पुष्ट करती डंडई प्रखंड के रारो गांव निवासी रामबदन यादव की पुत्री पूर्णिमा कुमारी एवं प्रांतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद यादव की भतीजी ने अपनी मेहनत-लगन से पूरे जिले का मान बढ़ाया है। पूर्णिमा कुमारी ने सैम हिग्गिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से बी फार्मा के बैच 2024 में पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल किया है। उनकी इस सफलता पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें सिल्वर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया है। इस दौरान यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार मिस रेणु प्रसाद ने पूर्णिमा को मेडल प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना किया। वहीं, पूर्णिमा ने अपनी उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता मेरे माता-पिता और शिक्षकों के आशीर्वाद और निरंतर मेहनत का परिणाम है। मेरा लक्ष्य फार्मेसी के क्षेत्र में शोध कार्य कर देश की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था में योगदान देना है। बेटी की इस उपलब्धि पर पिता रामबदन यादव ने कहा कि पूर्णिमा शुरू से ही पढ़ाई में बेहद मेधावी रही है। उसकी मेहनत, लगन और अनुशासन का ही परिणाम है कि आज उसने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## भगवान श्री धन्वंतरि जयंती सह पूजन उत्सव का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला अध्यक्ष (नीमा) डॉक्टर अनिल साह के नेतृत्व में रॉयल रिसोर्ट लगमा प्रांगण में भगवान श्री धन्वंतरि जयंती सह पूजन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़वा जिला के सभी आइएसएम चिकित्सक उपस्थित रहे। इनमें डॉक्टर अनिल शाह जिला अध्यक्ष, डॉ संजय कुमार प्रांतीय सचिव, डॉ वीरेंद्र कुमार प्रांतीय कोषाध्यक्ष, डॉ कुमुद जिला उपाध्यक्ष, डॉक्टर पतंजलि प्रांतीय उपाध्यक्ष, डॉ राकेश रंजन जिला कोषाध्यक्ष, डॉक्टर ब्यूटी कुमारी, डॉक्टर प्रिया कुमारी, डॉक्टर अभिनीत विश्वास, डॉक्टर आशीष कुमार जिला उपाध्यक्ष 2, डॉ नितेश भारती जिला सचिव, डॉ आयुष, डॉ गौरव विक्रम, डॉ अन्नपूर्णा, डॉ कविता, धनंजय पांडे, प्रणय सहाय, नथुनी राम जी, मुस्लिम अंसारी और अरुण आदि उपस्थित रहे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांकः– 1008 हजारीबाग/दिनांकः– 17.10.2025

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 958 दिनांक 04.10.2025 के द्वारा निर्गत ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/HAZARIBAG/ F2-10/2025-26 यथा सोतिया नदी पर चेकडैम का निर्माण कार्य, प्रखण्ड– पदमा, जिला– हजारीबाग विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, जिसका पी0आर0न0– 363254 Minor Irrigation (25-26)#D है को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 364469 Minor Irrigation (25-26)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, हजारीबाग**

पत्रांकः– 1011 हजारीबाग/दिनांकः– 17.10.2025

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 961 दिनांक 04.10.2025 के द्वारा निर्गत ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या WRD/MID/ HAZARIBAG/ F2-13/2025-26 यथा पुरवरी नदी पर चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखण्ड– चौपारण, जिला– हजारीबाग विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गयी थी, जिसका पी0आर0न0– 363258 Minor Irrigation (25-26) #D है, को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 364473 (Minor Irrigation)25-26*D

## डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




**मेराल (आजाद सिपाही)।** डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाया। वहीं, अपने सबोधन में विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि यह त्योहार अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।जैसे दीपक अपने चारों ओर उजाला फैलाता है, वैसे ही आप सभी अपने ज्ञान, मेहनत और सदाचार से समाज को प्रकाशमान करें। कहा कि इस पर्व पर आप अपने घर, विद्यालय और समाज को स्वच्छ रखें। सुरक्षित ढंग से दीपावली मनाएं और सदैव दूसरों की सहायता करने की भावना रखें। इस मौके पर प्राचार्य मनोज कुमार, शिक्षक रिजवान अंसारी, बसंत कुमार, पवन कुमार यादव, नागेंद्र ठाकुर, अनूप राम, शिक्षिकाओं में सूफिया नाहीद, अमिता कुमारी, शमा परवीन के अलावा बलराम शाह, अंजू कुमारी, प्रदीप कुमार, अंकित कुमार और मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव में रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की शाम गोमो-चोपन पैसेंजर और मालगाड़ी एक साथ आ जाने के कारण उसकी चपेट में आने से एक महिला और दो मवेशियों की मौत हो गयी। मृतका की पहचान मीरा देवी (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोहबरिया गांव निवासी मीरा देवी शुक्रवार की दोपहर रेलवे लाइन पार कर गाय चराने गई थी। शाम को वापस घर लौटते समय वह पशुओं के साथ रेलवे लाइन पार कर रही थी, तभी पहले ट्रैक पर गढ़वा की ओर से गोमो पैसेंजर ट्रेन और दूसरे ट्रैक पर मालगाड़ी आ जाने से एक बैल और एक गाय उसकी चपेट में आ गई, जिससे दोनों पशुओं की मौत मौके पर ही हो गई। वहीं, मीरा देवी भी ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में मीरा को गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी।

### आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

## सत्य की राह पर चलना ही जीवन में भरता है प्रकाश : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** प्रकाश के पर्व दीपावली के अवसर पर शनिवार को गढ़वा आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से संचालित आरके पब्लिक स्कूल सोनपुरवा, आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव, आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर नगर और आरके पब्लिक स्कूल हूर में अंतर-सदनीय रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस संचालित आरके पब्लिक स्कूल के सभी ब्रांचो के छात्र-छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगोली, दीप सज्जा, रुप सज्जा, नृत्य,गायन और पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया और एक से बढ़कर एक रंगोली बनायी। भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, भगवान गणेश, माता लक्ष्मी, स्वास्तिक, मयूर आदि को आधार बनाकर आकर्षक रंगोली बनाकर बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीं, बच्चों द्वारा बनाये गये पोस्टर और रंगोली का निरीक्षण इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन अलखनाथ पाण्डेय, आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव के प्राचार्य केआर झा, बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पाण्डेय, अनुप कुमार पाण्डेय एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि जीवन में हमेशा सत्य की राह पर ही चलना श्रेष्ठ होता है। यही रास्ता हमारे जीवन में प्रकाश भरता है और सदैव नई रोशनी एवं नई ऊर्जा प्रदान करता है। इस प्रकार के पर्वों को मनाने से हमारी भावी पीढ़ी को संस्कारों और संस्कृति की सीख मिलती है। दीपावली अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। इस महोत्सव का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और पर्व का महत्व समझाना, बच्चों के अंदर सामूहिक कार्य करने, एवं सृजनात्मकता का विकास करना है। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल के सभी शाखाओं के प्राचार्यों ने भी दीपावली के अवसर पर सभी छात्रों और कर्मचारियों को बधाई दी। इस मौके पर सभी विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(डी0एम0एफ0टी0 मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/31/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के पंचायत हेरहंज में उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुर्रे (Block-A) का जिर्णोद्धार कार्य। | 2068600 | 41,500 | 5,000 | 2 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.10.2025 से दिनांक 04.11.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.11.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 364460 Rural Development(25-26).D

# धनतेरस पर पांच सौ वाहनों की बिक्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** धन, वैभव, सुख समृद्धि आदि का पर्व धनतेरस पर लोहरदगा के बाजारों में खास उत्साह देखने को मिला। मिठाई, पूजन के लिए लक्ष्मी - गणेश जी की मूर्तियां, चित्र, चांदी, ब्रास या सोने की मूर्तियां, पूजन की थाली, नए कपड़े, विवाह की खरीदारी, टीवी, लैपटाप, कंप्यूटर, टैब, घड़ी, मोबाईल, डिनर सैट, टोस्टर, तंदूर, बलैंडर, जूसर मिक्सर, फ्रिज, गीजर, कुकर, माइक्रोवेव, फर्नीचर, घर की साज सज्जा, डेकोरेशन, पर्दे, पेंटिंग्स, सोफा, बेड, अन्य फर्नीचर, खिलौने, दीवाली की सजावटी लाइटें, पूजा सामग्री, खीलें, बतासे, अखरोट आदि की जमकर बिक्री हुई। धन पूजन, बही खातों, डायरी, कलम दवात की भी खरीदारी हुई। साइकिल दुकानों पर भी धनतेरस पर जमकर भीड़ देखी गयी। साइकिल दुकानदार कमल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में 1500 से 50 हजार तक के साइकिल मौजूद हैं। बताया कि लगभग 100 से ज्यादा साइकिल की बिक्री और एडवांस बुकिंग हुई है। मान्यता है कि दीवाली से दो दिन पहले पड़ने वाले इस त्योहार पर धनतेरस के सायं दीपदान किया जाता है ताकि पूरा परिवार यमराज के कोप से बचा रहे और परिवार में अकस्मात कोई दुर्घटना न हो। घरों की भी सफाई की जाती है। शाम के समय प्रवेश द्वार पर रंगोली निर्मित की जाती है ताकि स्वच्छता देख कर लक्ष्मी जी घर पधारें। पुराणों के अनुसार धन्वंतरि जी का अवतरण समुद्र मंथन के अवसर पर अमृत कलश सहित हुआ था। अतः इस दिन बर्तन या आभूषण खरीदना शुभ संकेत माना गया है। बर्तन तथा स्वर्ण या चांदी की धातुएं, स्टील की आल्मारी या तिजोरी, गृहोपयोगी होने के साथ साथ काफी हद तक स्थाई माने जाते हैं। धन तेरस अर्थात धन त्रयोदशी पर्व का अत्यंत महत्व माना गया है। धन तेरस के साथ पौराणिक ही नहीं अपितु आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। यह पर्व दीवाली के आगमन की सूचना देता है और महापर्व का पंचदिवसात्मक दिन आरंभ हो जाता है।

## जमकर हुई दो पहिया वाहनों की बिक्री



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)। इस बार दीपावली पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। यही वजह है कि विगत दो दिनों में शहर के आटो मोबाइल शो रूम से अब तक 500 से ज्यादा वाहनों की बुकिंग व बिक्री हो चुकी है। इस बार दो पहिया और चार पहिया वाहनों की खरीदी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुई। आटो मोबाइल कंपनी यामाहा मोटर्स के संचालक मुन्ना साहू ने बताया कि यामाहा के स्कूटी बाइक को लेकर लगभग 50 से ज्यादा वाहन बिक चुके है जबकि 30 से ज्यादा की बुकिंग हुई है। उन्होंने बताया कि स्कूटी के क्षेत्र में ज्यादा माइलेज वाली गाड़ियों में यामाहा का नाम सबसे ऊपर है। हमारे पास हाइब्रिड स्कूटी है जो 75 किमी का माइलेज देती है। वही बजाज शोरूम के संचालक शैलेश महतो ने बताया कि इस बार लगभग 45 से ज्यादा वाहनों की बिक्री व 30 से ज्यादा की एडवांस बुकिंग हुई है। वही टीवीएस मोटर्स के संचालक सतीश जायसवाल ने बताया कि सबसे ज्यादा हमारे कंपनी के वाहन शहर में बिके है। वही हीरो मोटर्स के संचालक कमल महतो ने बताया कि लगभग 50 से ज्यादा वाहनों की बिक्री हो चुकी है। कुल मिलाकर शहर में लगभग 300 से ज्यादा छोटे वाहनों की बिक्री हुई है और लगभग चार करोड़ रुपये के वाहनों की बिक्री हुई है।**

# लोहरदगा में कार से 1.68 क्विंटल गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

जब्त गांजा की अनुमानित बाजार कीमत 70 लाख रुपये है

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू/ लोहरदगा।** नशे के खिलाफ अभियान में कुडू थाना पुलिस को लगातार दूसरे दिन बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक कार से एक क्विंटल अड़सठ किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। लोहरदगा पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी ने कुडू थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उड़ीसा से बिहार की ओर गांजे की बड़ी खेप कार से लायी जा रही है। सूचना के आधार पर कुडू थाना प्रभारी को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस ने संख-लुकैया मार्ग पर घेराबंदी की। इसी दौरान बिहार नंबर की फोर्ड फिएस्टा कार रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 11 जेड-3556 पुलिस को देख भागने लगी। पीछा करने पर कार बढ़की चापी के समीप पास कलवा ढोढा पुल के समीप पेड़ से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। कार की तलाशी में 42 पैकेट गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान ओडिसा के झालसुगुड़ा जिला अंतर्गत बेलपहाड़ निवासी अमिश कुमार लाल पिता संजय लाल और बिहार के औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना अंतर्गत नरौला निवासी आकाश राय पिता ओसियर राय के रूप में हुई है। एसपी श्री रिजवी ने बताया कि बरामद गांजे का सटीक वजन एक क्विंटल अड़सठ किलोग्राम और इसकी अनुमानित बाजार कीमत 70 लाख है। मौके पर इंस्पेक्टर संदीप रंजन, कुडू सीओ संतोष उरांव, थाना प्रभारी मनोज कुमार, एसआई अश्विनी कुमार उपस्थित थे। गौरतलब है कि इससे एक दिन पूर्व गुरुवार को भी कुडू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 413 पेटियों में करीब 50 लाख रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की थी। लगातार दो दिनों में हुई इन कार्रवाइयों से नशे के सौदागरों में हड़कंप मच गया है। वहीं कुडू पुलिस की तत्परता और कार्रवाई की व्यापक सराहना की जा रही है।

# भंडरा में हथियार के साथ चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भंडरा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अपराधियों को हथियार और चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अनिल उरांव (29), अजय उरांव (26), पंचम उरांव (30) और बसंत उरांव उर्फ प्रिंस उरांव (25), सभी ग्राम गोके, थाना नरकोपी, जिला रांची के रूप में हुई है। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने अपराधियों के पास से तीन देशी कट्टा, तीन जिंदा गोली, चार मोबाइल फोन, चांदी जैसे आभूषणों के कई जोड़े (बाला, पायल, बिछिया, अंगूठी, झुमका आदि) बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि 17 अक्टूबर की रात गुप्त सूचना मिली थी कि चट्टी चौक के पास नरकोपी रोड के मोड़ के समीप बने शेड में कुछ युवक हथियारों के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में अंचल निरीक्षक लोहरदगा सुधीर साहू एवं भंडरा थाना प्रभारी रविरंजन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में छापेमारी की गयी। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगे, लेकिन पीछा कर चार लोगों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान अनिल उरांव के पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस, अजय उरांव और पंचम उरांव के पास से एक-एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा गोली बरामद हुई। इन तीनों का पूर्व आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस पूछताछ में अपराधियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 12-13 अक्टूबर की मध्यरात्रि में कोटा गांव निवासी दशरथ उरांव के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उनकी निशानदेही पर चोरी का सामान – चांदी के बाला, पायल, बाली, अंगूठी, बिछिया, झुमका आदि बरामद किये गये हैं। छापामारी दल में पुअनि रविरंजन कुमार (थाना प्रभारी भंडरा), सअनि रामदेव कुमार राय, सअनि संजय कुमार दास, सअनि नरेंद्र कुमार पांडेय, सअनि संतोष कुमार राय, गृह रक्षक नीरज कुमार मिश्र, आ 501 बुधराम सिंह मुंडा, चाआ 716 निर्मल मार्शल मिंज, मआ 08 जिवंती मिंज, आ 819 विजय लकड़ा और आ 557 मुन्ना लोहरा शामिल थे।

# समस्याओं के समाधान के लिए सीओ से मिले चौकीदार

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंचल अधिकारी लोहरदगा के आदेशानुसार सभी चौकीदार अंचल कार्यालय में उपस्थित हुए। इस दौरान अंचल अधिकारी ने प्रत्येक चौकीदार से उनके क्षेत्र की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में चौकीदारों की जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। बैठक के दौरान चौकीदारों ने अपनी विभिन्न समस्याएं भी अंचल अधिकारी के समक्ष रखीं। मौके पर जिला चौकीदार संघ के अध्यक्ष समसुल अंसारी ने बताया कि लोहरदगा अंचल सहित पूरे जिले के चौकीदारों को पिछले दो वर्षों से वर्दी एवं अन्य सामग्री का भुगतान नहीं किया गया है, जबकि झारखंड राज्य के अधिकांश जिलों में वर्दी का वितरण किया जा चुका है। अध्यक्ष शमसुल अंसारी ने इस संबंध में उपायुक्त कार्यालय को पत्राचार करने का आग्रह किया। सभी उपस्थित चौकीदारों ने समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग भी की।

# एसडीओ ने स्पोर्ट्स एरिना का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के कचहरी मोड के निकट नगर परिषद मार्केट कंपलेक्स परिसर में स्थित स्पोर्ट्स एरिना प्रतिष्ठान का भव्य उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने विधिवत किया। स्पोर्ट्स एरिना प्रतिष्ठा के प्रोपराइटर हिफजूल रहमान ने अतिथियों का स्वागत कर स्पोर्ट्स के विभिन्न खेल सामग्रियों से परिचय कराया। इस मौके पर एसडीओ अमित कुमार ने शहर के उत्तरी छोर पर स्पॉट्स सामग्रियों की उपलब्धता से खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलने की बात कही। कहा कि वर्तमान समय पढ़ाई के साथ खेलकूद का है। स्वस्थ तन मन के लिए रुचि के अनुसार लोगों को स्पॉट्स के विभिन्न गेम खेलना चाहिए। उद्घाटन के मौके पर जिप सदस्य संदीप गुप्ता, कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष पवन एक्का, पूर्व प्राचार्य शमीमा खातून, अफसर कुरैशी, अधिवक्ता लाल दीपक नाथ शाहदेव, सतीश विद्यार्थी, मो ताबीज, हाजी जुबेर, अल्ताफ हुसैन, अयूब अली, सरवर आलम, मोकीम खान, युसूफ अंसारी, मुर्शिद खान, समेत बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भंडरा में छठ घाटों की सफाई शुरू




**भंडरा (आजाद सिपाही)।** आगामी लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर उपायुक्त के निर्देश के बाद प्रखंड के सभी पंचायत प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। उपायुक्त डॉक्टर ताराचंद के निर्देश पर प्रखंड के सभी नौ पंचायत क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। भंडरा अखिलेश्वर धाम स्थित छठ घाट पर मुखिया इंद्रदेव उरांव, उदरंगी पंचायत के उदरंगी गांव स्थित छठ घाट मे मुखिया परमेश्वर महली और पंचायत सचिव अलोक लकड़ा एवं भौंरो पंचायत मे मुखिया सुमंती उरांव और पंचायत सचिव अजय उरांव के नेतृत्व मे विभिन्न तालाब समेत सभी प्रमुख जलाशयों पर स्थानीय जल सहिया और अन्य जनप्रतिनिधि के साथ मिल कर घाटों से कचरा, जलकुंभी और गंदगी हटाने का कार्य किया। साथ ही घाटों के आस-पास की झाड़ियों की सफाई एवं मिट्टी समतलीकरण का भी कार्य कराया जा रहा है। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश के बाद सफाई कार्यों में तेजी लायी गयी है। उन्होंने कहा छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जनप्रतिनिधि और कर्मियों को निर्देश दिया गया है। आने वाले दिनों में सभी घाटों की साफ-सफाई पूरी कर ली जायेगी। बीडीओ ने कहा कि पंचायत प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। छठ घाटों पर पर्याप्त रास्तों की मरम्मत एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के इस प्रयास की सराहना की है। लोगों ने कहा कि इस बार स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित घाटों पर छठ पूजा संपन्न होने से श्रद्धालुओं को विशेष आनंद और सुविधा प्राप्त होगी।

# धनतेरस पर दुकानों में रही भीड़



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** दीपावली पर्व से पहले धनतेरस के पहले दिन बाजारों में रौनक देखा गया। दिन शनिवार के सुबह से ही सामग्री खरीदने को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ी शुरू हो गयी थी, लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी किया। वहीं क्षेत्र के दुकानदारों ने धनतेरस के एक दिन पहले से ही दुकानों में अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली थी, सभी तरह की सामानों से दुकानों को पूरी तरह सजाया गया था, जहां पर दूर-दराज के क्षेत्रों से भी आकर लोगों ने खूब खरीदारी किया। वहीं लोगों का मानना है कि धनतेरस के दिन सोना,चांदी,नए बर्तन, वाहन और अन्य वस्तुएं की खरीदारी करना शुभ होता है और इससे तेरह गुना वृद्धि होती है,इस दौरान झाड़ू खरीदना भी एक परंपरा है,जिसे दरिद्रता दूर करने का प्रतीक माना जाता है। इस वर्ष धनतेरस के पहले दिन क्षेत्र में वाहन शोरूम, ज्वेलरी दुकान, बर्तन दुकान, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, दीपक, समेत इत्यादि दुकानों में लोगों की काफी संख्या में भीड़ देखी गयी, जहां पर लोगों ने बढ़-चढ़कर खरीदारी किया,जहां दुकानदारों के द्वारा भी खरीदारी पर ग्राहकों को कई तरह की विशेष छूट एवं उपहार दी जा रही थी।

# नीलांबर-पीतांबर उत्तर कोयल परियोजना की समीक्षा बैठक



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार शाहिद नीलाम्बर-पीताम्बर उत्तर कोयल परियोजना की प्रगति की समीक्षा एवं कार्यों के निरीक्षण हेतु वेपकोस की अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक शिल्पा शिंदे के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय टीम ने लातेहार का दौरा किया। इस टीम में वापकोस के वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। टीम द्वारा उत्तर कोयल परियोजना की समीक्षा की गयी तथा मंडल डैम, बरवाडीह आदि स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति, परियोजना से संबंधित विभिन्न अवरोधों एवं विलंब के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसके उपरांत परिसदन लातेहार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के साथ बैठक कर पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन से संबंधित मुद्दों, सड़क की स्थिति (बरवाडीह से मंडल तक) एवं अन्य प्रशासनिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। टीम ने परियोजना के शीघ्र एवं सुचारू निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिये तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने पर बल दिया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक शिल्पा शिंदे को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान योगेश पथेनकर सदस्य सचिव, केंद्रीय जल आयोग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, एचएस सेंगर मुख्य अभियंता, सीडब्ल्यूसी, जल शक्ति मंत्रालय , संजय शर्मा - वरिष्ठ महाप्रबंधक वापकोस, मैनाक घोष उप मुख्य अभियंता, वापकोस, अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गाय के नाम पर लाखों की ठगी, कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार प्रखंड अंतर्गत, बरियातू खालसा और आसपास के गांवों के दर्जनों ग्रामीणों ने धर्मपुर निवासी विभूति पांडे के खिलाफ उपायुक्त को आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभूति पांडे ने खुद को ठेकेदार और गाय सप्लायर बताकर गांव के किसानों से करीब 17 हजार से 19 हजार रुपये वसूले, यह कहकर कि वह उन्हें अच्छी नस्ल की गाय उपलब्ध करायेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने विभूति पांडे को फोन-पे और अन्य ऑनलाइन माध्यम से पैसे ट्रांसफर किये थे, लेकिन आज तक उन्हें गाय नहीं मिली। जब वे पैसे या गाय की मांग करते हैं, तो विभूति पांडे फोन स्विच ऑफ कर लेते हैं, सामने आने पर धमकी देते हैं और जातिसूचक गालियां भी देते हैं।

आवेदन देने वालों में मानकी सिह, शाहील अंसारी, राजु प्रसाद समेत कई पीड़ित शामिल हैं। सभी ने प्रशासन से मांग की है कि विभूति पांडे के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाये। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक हस्तक्षेप की जरूरत है।

# अंचल थाना दिवस पर जमीन संबंधित मामलों की हुई सुनवाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** अंचल कार्यालय अन्तर्गत अंचलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त के निर्देश पर शनिवार को अंचल थाना दिवस का आयोजन किया गया। अंचल थाना दिवस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत द्वारा सुनवाई कार्यक्रम में अंचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गयी तथा समाधान करने का विश्वास दिलाया दिया गया।

सुनवाई के क्रम में जमीन संबंधित मामलों का समाधान भी किया गया तथा अन्य कुछ मामले को अपर समाहर्ता के पास भेजने का प्रस्ताव रखा गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचन्द के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को अंचल थाना दिवस का आयोजन सीओ द्वारा अंचल कार्यालय परिसर में किया जाना है। इसमें अंचल कार्यालय से लेकर प्रखंड व थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूमि से संबंधित सभी मामले का समाधान संबंधित अधिकारियों के द्वारा किया जायेगा।

# रंगोली डेकोरेशन और क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड स्थित एस एस पब्लिक स्कूल में जीके क्विज तथा रंगोली बनाने की प्रतियोगिता शनिवार को हुई। सर्वप्रथम जीके क्विज कंपटीशन के सीनियर ग्रुप 6 से 10 तक में कक्षा आठवीं और नवीं के बच्चे प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर कक्षा सातवीं और दसवीं के बच्चे और कक्षा छठी के बच्चों ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके साथ ही जूनियर ग्रुप में 1 से 5 में कक्षा द्वितीय तथा चतुर्थ के बच्चे प्रथम रहे, दूसरे स्थान पर कक्षा एक और पांच के बच्चों ने अपनी जगह बनायी, तीसरे स्थान पर कक्षा तीन के बच्चे रहे। वही कक्षा नर्सरी एलकेजी यूकेजी में कक्षा एलकेजी प्रथम स्थान पर यूकेजी द्वितीय तथा नर्सरी तृतीय स्थान पर रहा। रंगोली बनाने की प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप कक्षा 1 से 5 में प्रथम स्थान पर कक्षा 5, द्वितीय स्थान पर कक्षा तीन और तृतीय स्थान पर कक्षा चार के लड़कों की रंगोली रही। सीनियर ग्रुप रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 के बीच में थी ।प्रथम स्थान पर कक्षा 7, द्वितीय स्थान पर कक्षा 8 और तृतीय स्थान पर कक्षा 6 की रंगोली रही। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य तथा सचिव मौजूद थे। विद्यालय सचिव बिंदु तिवारी ने अज्ञान पर ज्ञान का संदेश देते हुए बच्चों को शुभ दीपावली की शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मुकेश पांडे, सरिता कुजूर, निक्की वर्मा, अमिता इक्का, संध्या, शिफा, सुनंदिनी, जेबा, माधुरी, मधुरिमा, नीलम,सोनमती आदि मौजूद थे।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में रंगोली और दीप बनाओ प्रतियोगिता



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में स्कूल प्रबंधन की ओर से रंगोली और दीप बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर दसवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोलियां बनायी। वहीं कई छात्र-छात्राओं ने मिट्टी के दीपों पर नक्काशी कर अपनी कला और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। स्कूल के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विद्यालय में केवल किताबों तक सीमित शिक्षा नहीं दी जाती, बल्कि छात्रों को कला, संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का भी प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की मैनेजर सीमा गुप्ता, प्राचार्य शांतनु डे, प्रिया डे, राहुल सरकार, शिवांगी मेहरा, दीपा, रानी सिंह, रेखा अग्रवाल, संतोष प्रसाद, समीर समेत बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सेंट क्लारेट स्कूल में नाटक का मंचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेंट क्लारेट पब्लिक स्कूल में भारत की संस्कृति और सभ्यता से जुड़े प्रमुख पर्व दीपावली और छठ को लेकर महाउत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के फादर जॉर्ज के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान छात्रों ने नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के लंका विजय के बाद अयोध्या आगमन की झांकी प्रस्तुत की। दीपों की रोशनी और उत्साह के बीच बच्चों ने दीपावली पर्व की ऐतिहासिक झलक को जीवंत कर दिया।वहीं दूसरी ओर, छात्राओं ने लोक आस्था के महापर्व छठ पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। पारंपरिक छठ गीतों की धुन पर छात्राओं ने छठ पूजा के महत्व, आस्था और भक्ति भाव को मंच पर सुंदर ढंग से प्रदर्शित किया। स्कूल के प्राचार्य फादर जॉर्ज ने कहा कि सिर्फ किताबों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि बच्चों को अपने देश की संस्कृति, परंपरा और त्यौहारों से जोड़ना भी आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ सभी धर्मों और संस्कृतियों का सम्मान करना सीखें। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता विकसित होती है।

# वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में ग्रामीण दिहाड़ी मजदूर की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वाहन के चालक ने घटना को अंजाम दे घटना स्थल से गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो ग्राम में लोहरदगा बेड़ो मुख्य पथ पर देर शाम हुई। वही घटना के पश्चात ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया मौके पर अंचलाधिकारी सेन्हा पंकज कुमार भगत और थाना प्रभारी वारिस हुसैन ग्रामीणों को समझाते हुए सड़क जाम खुलवाने का प्रयास किया गया। परंतु ग्रामीण तत्काल मुआवजा एवं परिवार के जीविकोपार्जन व्यवस्था को लेकर घंटो शव के साथ डटे रहे।

## हुसैनाबाद में एक निजी क्लीनिक में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

**ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर स्थित जपला-छतरपुर मुख्य सड़क पर ओवरब्रिज के समीप एक निजी क्लिनिक में ऑपरेशन के दौरान संजू देवी नामक 35 वर्षीय महिला की मौत हो गयी। घटना के बाद चिकित्सक फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त चिकित्सक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन मामले को लेकर परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही थी। बताया जा रहा है कि उक्त महिला का एक निजी अस्पताल में महिला का बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के बाद स्थिति गंभीर होने पर उसे डालटनगंज ले जाने की बात चिकित्सक के द्वारा कही गयी। परंतु उसके बाद महिला की मौत हो गयी। जिसके विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है। महिला बैराव गांव निवासी संतोष पासवान की पत्नी बतायी जा रही है।

## फिरौती के लिए अपहरण मामला: अपहृत युवक सकुशल बरामद

# तीन आरोपी गिरफ्तार

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान जारी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** मोहनपुर थाना क्षेत्र से फिरौती के लिए अपहरण किये गये एक युवक को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, मोहनपुर थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी मुन्ना कुमार मंडल (26 वर्ष), पिता जोगेंद्र मंडल का अपहरण अपराधियों द्वारा फिरौती के लिए कर लिया गया था। इसकी जानकारी मुन्ना कुमार की पत्नी मधु कुमारी ने अपने मोबाइल से थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक प्रियरंजन कुमार को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार पुलिस बल के साथ तत्परता दिखाते हुए जांच और छापामारी अभियान में जुट गये।

पुलिस की तेज कार्रवाई के परिणामस्वरूप अपहृत मुन्ना कुमार मंडल को भौरा-जमुआ जंगल क्षेत्र से अपराधियों का पीछा करते हुए सकुशल बरामद किया गया। इसके बाद मुन्ना कुमार मंडल के लिखित बयान के आधार पर मोहनपुर थाना कांड संख्या 257/2025 दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को भा.दं.सं. की धारा 140 (2/3)(5) (भा०न्या०स० 2023) के तहत मामला दर्ज किया गया।

तकनीकी साक्ष्यों और अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है –1. जामुन यादव उर्फ यमुना यादव (28 वर्ष), पिता मुटर यादव, ग्राम अर्जुना, थाना मोहनपुर, जिला देवघर। 2. प्रदीप खिरहर उर्फ प्रदीप यादव (25 वर्ष), पिता महादेव खिरहर, ग्राम पिपराडंगाल, थाना तालझारी, जिला दुमका (वर्तमान पता: बंधा, थाना रिखिया, देवघर)। 3. अरुण कुमार यादव उर्फ ब्लास्टर, पिता परमेश्वर राउत, ग्राम धावाटांड़, थाना मोहनपुर, जिला देवघर।

गिरफ्तार प्रदीप यादव के स्वीकारोक्ति बयान पर पुलिस ने अपहृत मुन्ना की लूटी हुई अपाचे मोटरसाइकिल को धावाटांड़ जंगल से बरामद कर लिया है। फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है, जबकि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक ने टीम की तत्परता की सराहना की है।

## देवघर में जूते-चप्पल की दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान



**स्थानीय लोगों के अनुसार, आगजनी में करीब एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** शहर के मुख्य बाजार बारांजगी चौक धोबिया टोला स्थित एक जूते-चप्पल की दुकान में देर रात भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। पहले स्थानीय लोगों ने प्रयास कर आग बुझाने की कोशिश की, उसके बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, आगजनी में करीब एक करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गयी है। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन दुकान जलकर खाक हो गयी।

## पुलिस ने स्वर्ण व्यवसायियों के साथ की बैठक, दिया कई निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर पुलिस ने धनतेरस व दीपावली पर्व को देखते हुये शुक्रवार को देर शाम स्वर्ण व्यवसायियों के साथ बैठक की। बैठक में विधि व्यवस्था व सुरक्षा मुद्दों पर विमर्श हुआ। थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने बताया कि पर्व त्योहार को लेकर खरीदारी के लिए हाट बाजारों में अप्रत्याशित भीड़ बढ़ जाती है। जिससे घटना- दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में विधि व्यवस्था को कायम रखने व लोगों की सुरक्षा प्रदान करने का दायित्व पुलिस पर और बढ़ जाता है। इसी को लेकर शहर के स्वर्ण व्यवसायियों के साथ बैठक कर सुरक्षा के हर पहलुओं पर विचार विमर्श कर उससे निबटने की रणनीति तैयार की गयी। बैठक के दौरान व्यवसायियों को कई दिशा निर्देश भी दिया गया। बैठक में पुलिस पदाधिकारियों समेत शहर के कई व्यवसायी मौजूद थे।

## एसजीएफआइ स्टेट ट्रायल के लिए पलामू गतका संघ की टीम रांची रवाना

**अविनाश देव ने कहा कि हमें विश्वास है कि पलामू की यह टीम इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू गतका संघ की टीम शनिवार की सुबह स्टेट ट्रायल में भाग लेने के लिए रांची रवाना हुई।

संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी एवं मुख्य अतिथि संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ रांची के लिए रवाना किया। रवाना होने से पूर्व रेड़मा चौक पर एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला सचिव सुमित बर्मन, सह सचिव दीपेंद्र सिंह एवं दीपक तिवारी तथा कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार मेहता उपस्थित रहे। सुबह 4 बजे खिलाड़ियों को बस के माध्यम से रांची भेजा गया। पलामू से कुल 45 खिलाड़ी इस एसजीएफआई गतका प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इनमें संत मरियम स्कूल, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड स्कूल, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल, ओरियंट पब्लिक स्कूल, संत जेवियर स्कूल, स्क्रेड हार्ट स्कूल और विमला पांडेय स्कूल सहित कई विद्यालयों के छात्र शामिल हैं। संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि गतका केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी परंपरा और अनुशासन का प्रतीक है। पलामू के खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनायेंगे।

वहीं मुख्य अतिथि अविनाश देव ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों का उत्साह और लगन सराहनीय है। हमें विश्वास है कि पलामू की यह टीम इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी।

## मां लक्ष्मी के प्रवेश में न हो कठिनाई, इसलिए दिल की सफाई सबसे जरूरी : फुरकान अंसारी

**दीपावली के पावन अवसर पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने दी झारखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मधुपुर।** दीपावली के पावन पर्व पर झारखंड के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की विजय का प्रतीक है।

फुरकान अंसारी ने कहा कि मां लक्ष्मी आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, धन-धान्य, मान-सम्मान और शांति का वास करें। आपके घरों में खुशियों की दीपमाला सजे और हर कोना प्रेम व सौहार्द की रौशनी से आलोकित हो। उन्होंने आगे कहा कि दीपावली सिर्फ घरों को रोशनी से सजाने का पर्व नहीं, बल्कि दिल और मन की सफाई का भी अवसर है। उन्होंने संदेश दिया- जब तक हम अपने मन और दिल को द्वेष, ईर्ष्या, लालच और नफरत जैसी बुराइयों से मुक्त नहीं करेंगे, तब तक मां लक्ष्मी का हमारे जीवन में प्रवेश कठिन होगा। इसलिए इस दीपावली अपने दिल को भी उजाले से भरें, दूसरों की मदद करें और समाज में भाईचारा फैलायें। पूर्व सांसद ने झारखंड की जनता से अपील की कि दीपावली के अवसर पर सभी लोग अपने घरों के साथ-साथ आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखें, जिससे पर्यावरण शुद्ध और स्वस्थ बना रहे। उन्होंने यह भी कहा कि पटाखों का सीमित उपयोग कर प्रकृति की रक्षा करें और बच्चों, बुर्जुगों व जानवरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। फुरकान अंसारी ने अंत में कहा कि झारखंड की भूमि प्रेम, एकता और विविधता की मिसाल रही है। आइए इस दीपावली पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हमारे राज्य में भाईचारा, शांति और समृद्धि की रौशनी सदैव जगमगाती रहे।

## आकर्षक रंगोली से सजा दीवाली का स्वागत, बच्चों ने दिये सामाजिक संदेश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मधुपुर।** भेड़वा स्थित मुख्यमंत्री सारथी योजना के एक्सल डाटा सर्विस सेंटर में धनतेरस के शुभ अवसर पर दीपावली का खूबसूरत स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर न केवल अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि लोगों के लिए सार्थक संदेश भी दिये। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी रंगोली के माध्यम से दीवाली की रोशनी और खुशियों को जीवंत कर दिया। किसी ने आकर्षक दीये बनाए, तो किसी ने सुंदर मोर की आकृति उकेरी। कुछ ने स्वागत द्वार बनाए, तो वहीं किसी ने रंगीन गुड़िया सहित अनेक खूबसूरत डिजाइनों से परिसर की शोभा बढ़ा दी। ये डिजाइन न सिर्फ देखने में आकर्षक थे, बल्कि इन्होंने पूरे परिसर में उत्सव का असली माहौल ला दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफल बच्चों को सम्मानित भी किया गया, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया। इस कार्यक्रम में केंद्र के संचालक राजेश रोशन एवं आर्यन वेद के अलावा ओम प्रकाश सिंह, विकास वर्मा, सौरभ, विपिन, कौशल किशोर, अमरदीप, जुली, प्रियंका, पिंकी, शोभा, दीपाशिखा, रानी सहानी, पल्लवी, तारा, सोनम, स्नेहा राजेश, सुनीता, विनय, सपना, अर्चना, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

## समता स्कूल जपला में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**इस तरह के प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ता है: निदेशक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



मेडल और पुरस्कार के साथ विद्यालय के बच्चे।

**हुसैनाबाद ।** हुसैनाबाद शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित एवं जपला छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप धरहरा जपला स्थित समता स्कूल परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीन से दसवीं तक की कक्षाओं तक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अधिवक्ता आलोक कुमार, विशिष्ट अतिथि पत्रकार सतेंद्र चंदेल, धनंजय कुमार, विकास कुमार, विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ अक्षय कुमार चौहान आदि ने दीपप्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक श्री चौहान ने कहा की प्रत्येक छात्र-छात्राओं में कोई ना कोई प्रतिभा अवश्य छिपी होती है। आवश्यकता केवल सही समय पर सही अवसर मिलने की होती है।

प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रचनात्मकता को प्रोत्साहन करना है। छात्रों ने दीवाली त्योहार पर आधारित रंगोली बनाई। रंगोली बनाकर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल चौहान, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, बबीता देवी, शकुंतला देवी, रीना देवी, अंशी सिंह, चांदनी कुमारी, उम्म सैयद, पंकज राज, संजीत कुमार, अभिषेक कुमार, राहुल गुप्ता, गार्ड नंदू प्रजापति, परिचारिका विमला कुंवर, कौशल्या देवी आदि उपस्थित थे।

## दीपावली के मद्देनजर ऊंटारी रोड पुलिस ने आम नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की



**ऊंटारी रोड़ (पलामू) (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी संतोष गिरी ने दीपावली के मद्देनजर देखते हुए आम नागरिकों से कया है कि दीपावली में चाइनीज पटाखा का इस्तेमाल ना करें, साथ ही आप खुद व अपने बच्चों को पटाखे जलाते समय सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि देसी मिट्टी के दिए का इस्तेमाल करें। पटाखे जलाते समय यह सुनिश्चित कर लें की आस पास कोई झुग्गी झोपड़ी या खपरैल मकान ना हो पटाखे की चिंगारी से इन सब घरों में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही नशे का सेवन ना करें,जुआ,सट्टेबाजी जैसे खेल से परहेज करें। अगर आपके आस पास जुआ, सट्टेबाजी जैसे खेल हो रहे हैं तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। यह हमेशा ध्यान में रहे की आपके पटाखे जलाने से आपके आस पड़ोस में रहने वाले कोई बीमार व्यक्ति को परेशानी ना हो, अगर आप कहीं घर से बाहर जा रहे हैं तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें, अन्यथा चोर, उचक्के आपके घर में ना रहने का फायदा उठा सकते हैं। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति आप के मुहल्ले या घर के आस पास घूमते नजर आए तो इसकी सूचना भी पुलिस को दें। दीपावली मिल जुल कर आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी आपातकाल स्थिति में अपने नजदीकी थाने को सूचित करें या टॉल फ्री नंबर 112 पर तुरंत कॉल करें। पलामू पुलिस आपकी सहायता में हमेशा तैयार रहेंगे।

## दीपों की लौ में झलकी सृजनशीलता रंगों में बसी भारतीय संस्कृति की छवि

**सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में सृजन और अनुशासन का सुंदर संगम**

**प्रधानाचार्य पांडेय ने कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का नहीं, बल्कि सृजन, अनुशासन और सौंदर्य का भी पर्व है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद ।** दीपावली के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला का प्रांगण दीपों की आभा और रंगों की छटा से आलोकित हो उठा। विद्यालय में दीपक बनाओ, रंगोली तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया, जिसमें भैया-बहनों ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का नहीं, बल्कि सृजन, अनुशासन और सौंदर्य का भी पर्व है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की निहित प्रतिभा और सृजनशीलता को निखारने का अवसर मिला है। विद्यालय परिवार का उद्देश्य प्रत्येक भैया-बहन में भारतीय संस्कृति के मूल्य और कलात्मक दृष्टि का विकास करना है।

शिशु वर्ग में साक्षी कुमारी ने आकर्षक दीप सजावट से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्वाती कुमारी और अनन्या तिवारी क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय रहीं। बाल वर्ग में आदित्य पांडेय ने उत्कृष्ट कलाकारी से प्रथम स्थान हासिल किया। अंश परमार और यशस्वी प्रकाश को द्वितीय व तृतीय स्थान मिला।

बहन वर्ग में आराध्या गुप्ता, खुशी कुमारी एवं पीहू कुमारी ने मनभावन दीप डिजाइन से सबका मन जीता। रंगोली प्रतियोगिता में बहन वर्ग से काजल सोनी, प्रिंसी कुमारी, नव्या गुप्ता व कंगन कुमारी की टीम ने उत्कृष्ट रंग संयोजन से प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अनामिका कुमारी, आंचल पटेल, रितिका कुमारी को मिला, जबकि अंशिका गुप्ता, शिवानी एवं नैना कुमारी की टीम तृतीय स्थान पर रही। भैया वर्ग में सचिन कुमार, राहुल कुमार, प्रियांशु कुमार और अंकु सिंह ने सटीक रेखांकन व संतुलन से प्रथम स्थान अर्जित किया।

अमित विश्वकर्मा, रोहित यादव, राजा हिमांशु व संजीव पाल ने द्वितीय, तथा आदर्श कुमार और नीतीश कुमार की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में सुगंधा कुमारी, अनन्या कुमारी और आर्या कुमारी ने सुंदर चित्रों से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। भैया वर्ग में अंशु कुमार , पीयुष कुमार और अर्श कुमार सिंह को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिताओं का सफल संचालन हर्षदा चौबे के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## धनतेरस पर बाबा नगरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, धनवंतरी भगवान की हुई विशेष पूजा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनतेरस का दिन आरोग्य और संपन्नता का प्रतीक है : पुरोहित श्रीनाथ महाराज**

इस मौके पर देवघर के स्टेट पुरोहित श्रीनाथ महाराज ने कहा, 'धनतेरस का दिन आरोग्य और संपन्नता का प्रतीक है। आज के दिन भगवान धनवंतरी की पूजा करने से जीवन में रोग, दरिद्रता और नकारात्मकता का नाश होता है तथा परिवार में सुख-शांति का वास होता है।'

**देवघर।** धनतेरस के शुभ अवसर पर शनिवार को बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे। धनतेरस, जिसे धन त्रयोदशी भी कहा जाता है, दीपावली से दो दिन पूर्व मनाया जाता है और हिंदू धर्म में इसका विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी और भगवान धनवंतरी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धनवंतरी अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए इस दिन आरोग्य और समृद्धि की कामना के साथ धनवंतरी भगवान की पूजा की जाती है।

देवघर में आज के दिन श्रद्धालुओं ने भगवान धनवंतरी और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। बाजारों में भी सुबह से ही खरीदारी का दौर शुरू हो गया। परंपरा के अनुसार लोग सोना, चांदी, पीतल, और तांबे के बर्तन खरीदकर घर लाते हैं। शास्त्रों में वर्णित है कि धनतेरस पर धातु की वस्तुएं खरीदने से घर में मां लक्ष्मी और भगवान धनवंतरी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

धनतेरस को लेकर पूरे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया है। बाजारों में रौनक और मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ ने त्योहार की चमक को और बढ़ा दिया।

### रफ्तार का कहर : एक ही बाइक पर सवार होकर करमा पर्व मनाने गये थे, लौटते समय हुआ हादसा

# ट्रक-बाइक की भिड़ंक में किशोर की मौत, तीन गंभीर

**घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार, पुलिस ने वाहन किया जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता


अस्पताल में पड़ा मृतक का शव और घायलों के पास मौजूद लोग।

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के रेहेटोली गांव में शनिवार को सड़क दुर्घटना में 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान वीरेंद्र मुंडा के रूप में हुई है। वह बाहागड़ा का रहने वाला था। वहीं, इसी हादसे में उसके तीन साथी दिलमत उरांव, सिरमन मुंडा और मनीनाय उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, बाहागड़ा गांव के चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घाघरा प्रखंड के शिवराज गांव करमा पर्व मनाने गये थे। खुशी-खुशी पर्व मनाकर लौटते समय जैसे ही वे रेहेटोली गांव के समीप पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वीरेंद्र मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गये। उन्हें सड़क पर तड़पता देख आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने वीरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी ओर, घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। लगे हाथ मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। उधर, नाबालिग वीरेंद्र की असमय मौत ने पूरे बाहागड़ा गांव में शोक का माहौल है। परिवार के सदस्य बेटे की मौत पर रो-रोकर बेहाल हैं, जबकि ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग की है।

## दो बाइक की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के देवाकी पेट्रोल पंप के समीप शनिवार अपराह्न तीन बजे दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान सुनीत कुमार (25) के रूप में हुई है। वह सरंगो चटकपुर का रहने वाला था। जबकि सरांगो ग्राम निवासी अमन तुरी, मोहित तुरी और करमपाल उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। सभी को 108 एंबुलेंस की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार अमन और मोहित बाइक पर सवार होकर घाघरा से अपने गांव सरांगो जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से बाइक पर सवार होकर आ रहे सुनीत भगत और करमपाल उरांव घाघरा की बाइक की देवाकी पेट्रोल पंप के समीप सीधी टक्कर हो गयी। जिस घटना में सुनीत की मौके पर ही मौत हो हो गयी। उधर, करमपाल और अमन की हालत बेहद गंभीर होने पर दोनों को रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया।उधर, इसकी सूचना पाकर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर घटना की जानकारी ली।**

# तालाब में नहाते समय 10 साल का बच्चा डूबा, लोगों ने शुरू की तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के हुसैन नगर में शनिवार अपराह्न तीन बजे तालाब में नहाने के दौरान 10 साल का अतीफ मीर नामक बच्चा डूब गया। वह हुसैन नगर में अपने पिता मीर रेजाबुल के साथ किराए के मकान में रहता था। जानकारी के मुताबिक अतीफ अपने तीन-चार दोस्तों के साथ नहाने के लिए तालाब गया था। सभी बच्चे तालाब में मस्ती कर रहे थे। तभी अचानक अतीफ गहरे पानी में चला गया और डूब गया। इसके बाद उसके साथी बच्चों ने शोर मचा कर लोगों को एकत्र किया। जिसके बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। लोग बच्चे को बचाने की उम्मीद में तालाब के किनारे जमा हो गए। कई युवक तुरंत पानी में कूद गए और खोजबीन शुरू कर दी। उधर, सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी दलबल के साथ मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से बच्चे की तलाश शुरू कर दी। हालांकि देर शाम तक खोज अभियान जारी रहा, लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। समाचार लिखे जाने तक घटना स्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ खड़ी थी। जो अपने-अपने तरह पर खोज में मदद कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस तालाब में बच्चा डूबा है, वह प्राकृतिक तालाब नहीं है। यह तालाब उस जगह पर बना है, जहां पहले पत्थर तोड़ने का कार्य किया जाता था। बताया जा रहा कि क्रेशर संचालकों द्वारा वर्षों तक यहां पहाड़ तोड़कर जमीन के भीतर तक पत्थर निकाले गए थे। जिस कारण गहरी खाई बन गई, जिसमें बरसात का पानी भर जाने से यह तालाब बना है। इसे कभी भरा या सुरक्षित नहीं किया गया, जिस कारण इस क्षेत्र में अक्सर हादसे होते रहते हैं। अतीफ मीर भी उसी लापरवाही का शिकार बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन ने कई बार इस गड्ढे को भरने की बात कही थी, पर पहल कभी नहीं हुई। आज उसी लापरवाही की कीमत एक मासूम बच्चे को अपनी जान से चुकानी पड़ी। लोगों ने प्रशासन से तुरंत इस तालाब को पाटने और आसपास सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं दोबारा न हों। फिलहाल, पुलिस एवं गोताखोरों की टीम बच्चे की तलाश में जुटी है और पूरा इलाका अतीफ की सकुशल वापसी की दुआ कर रहा है।

# ऑटो पलटने से महिला की हुई मौत, नौ घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बांसडीह घाटी में पीछे अज्ञात वाहन ने टेंपो को धक्का मार दिया। जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में हर्रा डीपाटोली निवासी सुकरी देवी (40) नामक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि टेंपो में सवार नौ अन्य लोग घायल हो गये। घटना शनिवार अपराह्न तीन बजे की है। घायलों में हर्रा डीपाटोली निवासी बेनेदिक्ता लकड़ा (38), जय माला (10), दिनेश उरांव (25), पवन उरांव (22), जानकी देवी (40), बालमीत कुमारी (21), बिनसरी उरांव (50), अमन लकड़ा (13) और कमला देवी (40) शामिल है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से टेंपो में लादकर गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। उधर, सूचना मिलने पर गुमला पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। उधर, घायलों ने बताया कि दीपावली और गुमला का सप्ताहिक हाट होने के कारण वे सभी अपने घर के सामनों की खरीदारी करने टेंपो में सवार होकर गुमला शहर जा रहे थे। इसी बीच बांसडीह घाटी में पीछे से अज्ञात वाहन ने टेंपो को टक्कर मार दिया। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में सुकरी देवी की मौत हो गई।

# चिटफंड कंपनियों में फंसे पैसों का जल्द भुगतान नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल एवं ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच बसिया के तत्वाधान में शनिवार को कोनबीर अस्पताल स्थित सरहुल बगीचा के पास बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विमल टेटे ने की। इस दौरान ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें सहारा इंडिया, एपीलाइन, पल्स सहित दर्जनों चिटफंड कंपनियों में फंसे पैसों का जल्द भुगतान नहीं करवाती है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी। उन्होंने सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गरीबों को अपने ही पैसे पाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने छह नवंबर को बसिया में आयोजित होने वाले विशाल जुलूस-प्रदर्शन में प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ो जमाकर्ता महिला-पुरुषों से शामिल होने की अपील की है। वहीं, 24 अक्टूबर को कोनबीर सरहुल बगीचा में सुबह 11 बजे आयोजित अंतिम दौर की बैठक में भारी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने एवं भुगतान की मांग को लेकर छह नवंबर को जुलूस में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनभागीदारी निभाने के साथ ही संगठन का विस्तार एवं मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर बसंत बड़ाईक, कृष्ण गोप, रोहित सिंह, जतरू तिर्की, राजेश सिंह, अनिल टोपनो, ननकू मिंज, अजीत बेक, बसंत उरांव, भीख उरांव, फगुआ मुंडा, चतुर सिंह, गुंदर महतो, नारायण भूईया, शुकरा खड़िया, गजेंद्र साहू, अनिता देवी, शोभा उरांव, सावित्री देवी और जूलियस टोपनो आदि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म और छेड़छाड़ के 12 साल पुराने मामले में वारंटी गुमला से गिरफ्तार



**चैनपुर (आजाद सिपाही)। पुलिस ने चैनपुर थाना क्षेत्र के 12 साल पुराने मामले में फरार चल रहे वारंटी संजय खलखो (38) को गिरफ्तार कर शनिवार को गुमला अलादत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। चैनपुर के कोन्केल के रहने वाले आरोपी संजय खलखो के खिलाफ चैनपुर थाना में विभिन्न धाराओं के तरह मामले दर्ज हैं। आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। अदालत से उसके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था।**


**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002**

**Reverse e-Auction Procurement**
**Notice through GeM Portal**
**Letter No.-kha.up.ni.-24-chini-01/2025-1755**
**Date :- 17-10-2025**

**For Supply of Free Flow White Crystal Sugar (Grade-S-30/M-30) (As Per FSSAI Norms) for 1st Quarter (April 2025 to June 2025) of Financial Year 2025-26 By e-Tender Through E-Bid Followed By Reverse Auction on GeM Platform.**

| Bid Details | |
|---|---|
| GeM Bid No. | GEM/2025/B/6804921 Dated: 17-10-2025 |
| Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 24,84,000/- (Twenty Four Lakh Eighty Four Thousand) as EMD in form of demand draft in favor of **Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand** or in following bank details through online Bank Transfer from any nationalized or scheduled bank in India : Bank Name - Indian Bank, Branch - Ashok Nagar, Ranchi, A/C No. - 7876502276, IFSC - IDIB000A662 |
| Tender Publishing Date/ Download Link of Tender Document | 17-10-2025/ Through https://www.jharkhand.gov.in/food and https://gem.gov.in |
| Last Date and time of Bid Submission | 01-11-2025 upto 18:00 pm |
| Online Bid Submission Period | From 17-10-2025 to 01-11-2025 |
| Pre-Bid Meeting | 24-10-2025 at 01:00 pm through google meet (https://meet.google.com/mmk-trhd-yzs) |
| Date of Auction | Will be published after technical evaluation |
| Name and concerned person for Correspondence | Mr. Dilip Tirkey Mobile no.- 9470520458 , email- directorfood18@gmail.com |

Sd/-
Director
(Directorate of Food & Consumer Affairs)

PR 364483 Directorate of Food and Consumer Affairs(25-26).D


## कांग्रेस की बैठक में लिया गया 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान को घर-घर पहुंचाने का संकल्प



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के किसान भवन में शनिवार को कांग्रेस की बैठक हुई। जिसमें पार्टी के जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान देश में हो रही वोट चोरी के विरुद्ध चलाया जा रहा है। यह अभियान झारखंड के सभी प्रखंडों में जमीनी स्तर पर किया जा रहा है। बैठक में नव-नियुक्त प्रखंड प्रभारी मनीष हिंदुस्तान, मुंतजिर खान, अरविंद साहू सहित सभी पंचायतों के कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने अभियान को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और आने वाले चुनावों की तैयारी को लेकर भी चर्चा की गई।

## सिसई में डिस्लेक्सिया को लेकर पीएम श्री राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय ने जागरूकता रैली निकली

**सिसई (आजाद सिपाही)।** डिस्लेक्सिया जागरूकता के तहत पीएम श्री राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय की ओर से शनिवार को विद्यालय परिसर से बस स्टैंड तक मौन पदयात्रा निकाली गयी। इस दौरान जागरूकता को लेकर सभी बच्चों के हाथ में तख्ता और बैनर थे। राज्य परियोजना निदेशक झाशिपरिप रांची के 8 अक्टूबर को जारी पत्रांक के अनुसार सभी पीएम श्री विद्यालयों को निर्देशित करते हुए कहा गया था कि डिस्लेक्सिया के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अक्टूबर महीने को विश्व स्तर पर डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी सभी पीएम श्री विद्यालयों में डिस्लेक्सिया जागरूकता माह मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी पीएम श्री विद्यालयों में (स्पेसिफिक लर्निंग डिसएबिलिटीज) विशिष्ट सीखने की अक्षमताएं वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्य स्तर से निम्नलिखित निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें शिक्षकों और समुदाय के सदस्यों का उन्मुखीकरण करना, डिस्लेक्सिया माह की जागरूकता फैलाने के लिए बच्चों के साथ मिलकर अलग-अलग तरह से कार्यक्रम कराने जैसे पेंटिंग, रंगोली, मूवी शॉ, स्ट्रीट प्ले, पपेट शॉ आदि शामिल है। वहीं, पदयात्रा के दौरान सभी शिक्षकगण एवं कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थी प्राथमिकता के आधार पर लाल रंग के वस्त्र धारण कर हाथों में बैनर व तख्ता लेकर चल रहे थे। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष उर्वशी देवी (रानी) प्रधानाध्यापिका मीना साहु, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक 4015 दिनांक 17.10.2025

GEM पोर्टल के माध्यम से क्रय हेतु निविदा सूचना संख्या 17/2025–26

मेदिनीनगर नगर निगम में 15वें वित्त आयोग के तहत् नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा स्वीकृत उपकरणों का क्रय करने हेतु GEM Portal के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में GEM पोर्टल के माध्यम से निविदा दिनांक 03.11.2025 को 2:00 बजे अपराह्न तक ONLINE जमा कर सकते है। निविदा के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 25,000/- रू0 डिमाण्ड ड्राफ्ट नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय करना अनिवार्य होगा। निविदा के साथ अद्यतन GST Registration Copy , ITR Copy- Last 3 Years, Balancesheet & P/L Copy-3years की छाया प्रति संलग्न करेंगे। निविदा 04.11.2025 अपराह्न 3:00 बजे नगर निगम कार्यालय में GEM पोर्टल में खोली जाएगी। GEM Portal & ATC terms & Conditions applied.

| Sl. no. | Name of Item | Quantity |
|---|---|---|
| 1 | Hydraulic Skylift-13.5 MTRS Height – Electo – Proportional System | 1 |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम

PR 364463 (District)25-26*D


## वित्तीय साक्षरता एवं स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सेरका पंचायत भवन में शनिवार को आगृती इंडिया के माध्यम से ग्रामीणों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक सहदेव साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं के लाभों से लोगों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग पर जोर देते हुए खाता के प्रकार, बैंक फ्रॉड कॉल, री-केवाईसी, और बैंक से संबंधित आरडी एवं धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। वहीं, सहदेव साहू ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी की शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं।**

### सैनिकों के सम्मान में 'शहीद सम्मान समारोह' का आयोजन

# परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का के पुत्र विंसेंट एक्का को किया गया समानित

**वीर नारियों और पूर्व सैनिकों को भी किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में पहली बार शहीद एवं पूर्व सैनिकों के सम्मान में 'शहीद सम्मान समारोह' का आयोजन जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में हुआ। उक्त कार्यक्रम डीसी प्रेरणा दीक्षित की पहल पर हुआ। जिसका संचालन जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी ललन कुमार रजक ने किया। इस अवसर पर जिले के लगभग 20 वीर नारियों एवं 12 पूर्व सैनिकों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का के पुत्र विंसेंट एक्का भी उपस्थित रहे, जिन्हें जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर डीडीसी दिलेश्वर महत्तो, अनुमंडल पदाधिकारी सदर राजीव नीरज, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी सुशील कुमार खाका आदि उपस्थित रहे। अपने लंबोधन में ललन कुमार रजक ने कहा कि यह आयोजन शहीद सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में किया गया है। हमारे सैनिकों के बलिदान को स्मरण करना समाज का नैतिक कर्तव्य है। डीडीसी दिलेश्वर महतो ने सभी वीर नारियों और भूतपूर्व सैनिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की सेवा में जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, उन्हें हम नमन करते हैं। इस दौरान सैनिक परिजनों एवं भूतपूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिन्हें प्रशासन ने गंभीरता से सुनते हुए उनके बिंदुओं पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) राजीव नीरज ने कहा कि शहीद सैनिकों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनके परिवारों की सहायता और सम्मान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता एवं कर्तव्य है। इस दौरान शहीद सैनिकों के परिजनों ने अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न प्रशासनिक एवं कल्याणकारी विषयों पर चर्चा की। अधिकारियों ने भी सभी सुझावों और मांगों को संज्ञान में लिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया**

अति अल्पकालीन निविदा

आमंत्रण सूचना संख्या–**26/JMT/2025-26** **Date 18-10-2025**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 31.10.2025 अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | :– | दिनांक – 01.11.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक – 01.11.2025 अपराह्न 4.00 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया। |
| 9. | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of 200 mm x 165 mm x 200 M deep HYDT at Kasturba Gandhi Girls School Koderma | 307010.00 | 6200.00 | 750.00 | 03 Months |
| 2 | Construction of 200 mm x 165 mm x 250 M deep HYDT with Handpump at New Primary School Karhariya in Block Koderma | 371357.00 | 7500.00 | 750.00 | 03 Months |
| 3 | Construction of 200 mm x 165 mm x 250 M deep HYDT with Handpump at Model School Koderma in Block Koderma | 371357.00 | 7500.00 | 750.00 | 03 Months |
| 4 | Construction of at 200 mm x 165 mm x 200 M deep HYDT with Handpump at Panchayat Bhawan Dagarnwan Block Markacho | 318655.00 | 6400.00 | 750.00 | 03 Months |
| 5 | Construction of 200 mm x 165 mm x 200 M deep HYDT with Handpump at Utkarmit Plus 2 High School Jagdishpsur Panchayat Chopnadih Block Markacho | 318655.00 | 6400.00 | 750.00 | 03 Months |

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा,)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR 364492 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

## मांगा जूस, आया अटेक, बीच बाजार में हुई मौत



**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** शनिवार का दिन पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत अंतर्गत गागी हाट बाजार में हर सप्ताह की तरह चहल-पहल से भरा हुआ था। लोग खरीदारी में व्यस्त थे, बच्चे इधर-उधर दौड़ रहे थे, तभी अचानक एक ऐसी घटना घटी जिसने पूरे बाजार का माहौल स्तब्ध कर दिया। चास निवासी शम्भू केशरी, जो हर शनिवार को पेटरवार बाजार में कटे-फटे नोटों के अदला-बदली का काम करने आते थे, आज भी अपनी रोज की तरह मेहनत में जुटे थे। बाजार का चक्कर लगाने के बाद वे एक जूस की दुकान पर पहुँचे और दुकानदार से कहा एक गिलास जूस बना दो। लेकिन जूस पीने से पहले ही उनका शरीर अचानक लड़खड़ाया और वे जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में आसपास के लोग मौके पर पहुँचे। किसी ने पानी छिड़का, तो कोई उनकी नब्ज टटोलने लगा, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें तत्काल पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ डॉ. हेमलता ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में इंटर- हाउस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दी पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 3 से 5 तक के लिए इंटर-हाउस सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय था खोजो, जानो और आगे बढ़ो! इस आयोजन का उद्देश्य था-विद्यार्थियों में जिज्ञासा की भावना जगाना और उन्हें पाठ्यपुस्तकों की सीमाओं से परे जाकर रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करना। प्रारंभिक परीक्षणों के बाद सावधानीपूर्वक चयन प्रक्रिया के माध्यम से 12 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मुख्य प्रश्नोत्तरी दौर के लिए चुना गया। इन विद्यार्थियों ने अपने-अपने हाउस का प्रतिनिधित्व किया, जिनके लिए आकर्षक नयी टीमों को चार भागों में बांटा गया। प्रत्येक टीम में कक्षा 3, 4 और 5 से एक-एक विद्यार्थी शामिल थे, जिससे प्रतियोगिता में टीम भावना, बुद्धिमत्ता और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला। छात्रों के लिए आयोजित इंटर-हाउस सामान्य ज्ञान क्विज एक रोमांचक और ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। क्विज में चार दिलचस्प राउंड शामिल थे। जिसे प्रत्येक विद्यार्थियों की ज्ञान क्षमता, तर्कशक्ति और त्वरित सोच को परखने के लिए तैयार किया गया था। भूगोल , इतिहास , गणित, मनोरंजन पर आधारित प्रत्येक राउंड राज्यों, राजधानियों, देशों, व्यंजनों, प्रसिद्ध स्थलों आदि से जुड़े प्रश्नों पर केंद्रित था। प्रतिभागियों ने पूरे क्विज के दौरान उल्लेखनीय आत्मविश्वास, टीम भावना और तीव्र बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया।

## आइसीएसएफ एंड पीएस विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी सम्मानित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के आयरन एंड स्टील फाउंड्री एवं पैटर्न शॉप विभाग द्वारा नियमित एवं संविदा कर्मचारियोंके उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान को सम्मानित करने हेतु एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स) के कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर विभाग के विभिन्न अनुभागों के 15 कर्मचारियों को उनके कार्य, समर्पण और नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) एवं अतिरिक्त प्रभार (शॉप्स) शरद गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (शॉप्स) जयंता सरकार, उप महाप्रबंधक(शॉप्स) श्री पी. बुल्लिअब्बाय, वरीय प्रबंधक अनिल कुमार, सानी उरांव, खेमनाथ महतो, उप प्रबंधक अशोक कुमार मीणा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन, टीम भावना एवं नवाचार की सराहना करते हुए सभी सम्मानित कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी और उनके सतत योगदान की प्रशंसा की।

## डीएवी इस्पात में चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में चल रहे तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-12/ए, में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 84 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सतर्कता, ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। विद्यार्थियों ने सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर चित्रकला एवं भाषण के माध्यम से अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बीएसएल के शनि रंजन, सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता), पंकज कुमार, वरीय प्रबंधक (सतर्कता) के साथ प्रवीण कुमार प्राचार्य एवं सतर्कता विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों में नैतिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया।

# धनतेरस पर बोकारो-चास में तीन सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार

दीपक कुमार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** धनतेरस के मौके पर शनिवार को बोकारो व चास के बाजारों में सुबह से देर शाम तक रौनक रही। एक अनुमान के मुताबिक इस बार चास बोकारो में 300 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ। नगरवासियों ने जमकर खरीददारी की और ग्राहकों का उत्साह भी चरम पर रहा।

पूर्वाह्न 10 बजे से ही बाजार में चहल-पहल शुरू हो गयी। शाम होते-होते दुकानों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी। बाजारों में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी पूरे इंतजाम किये गये थे।

बाजार सजने के कारण लोगों को जाम से परेशानी भी हुई। सबसे अधिक परेशानी सेक्टर-04 सिटी सेंटर, दूंदीबाद बाजार, चास बाइपास, चास पुराना बाजार, चास साहू मार्केट आदि जगहों पर देखने को मिली। फिर भी लोगों का उत्साह चरम पर था। सेक्टर चार सिटी सेंटर, दूंदीबाद बाजार, सेक्टर नौ बी, सेक्टर एक राम मंदिर मार्केट एवं चास सहित अन्य बाजारों में लोगों ने उत्साह चरम पर रहा। लोगों ने देर शाम तक विभिन्न वाहन-शोरूम में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की खरीददारी की। वहीं पहले से बुकिंग कराए गए वाहनों की डिलिवरी भी ली।

बोकारो के ऑटो डीलरों के मुताबिक, धनतेरस पर 1,500 से ज्यादा गाड़ियों की प्री-बुकिंग हुई है। इनमें 700 कारें और रवश शामिल हैं, जबकि 800 से ज्यादा दोपहिया वाहन हैं। शहर के डीलरों ने बताया कि धनतेरस पर डिलिवरी के लिए करीब 80 इलेक्ट्रिक दोपहिया और 25 इलेक्ट्रिक कारें बुक हुई हैं। प्री बुकिंग के अलावा धनतेरस के दिन भी लोगों ने वाहनों की बुकिंग और खरीददारी की।


बर्तन दुकानों पर गृहणियों ने पूजा में काम आने वाले बर्तनों के साथ साथ घरेलू उपयोग के सामानों की खरीददारी की। लोगों ने इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, फर्नीचर, घरौंदा, ज्वेलरी, झाड़ू, कंप्यूटर, मोबाइल, लैपटॉप, कपड़ा, मिठाई, साइकिल, सिलाई मशीन, नमक सहित अन्य चीजों की खरीदारी की। व्यापारियों के मुताबिक इस बार सभी क्षेत्रों को मिलाकर कुल 300 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। ग्राहकों को लुभाने हेतु दुकानों में में उपहार, लक्की ड्रॉ कूपन, छूट के साथ कई अन्य ऑफर भी दिये गये, जिसका लोगों ने पूरा फायदा उठाया। फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि सामान को देर रात में ग्राहकों के घरों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दुकानदारों ने बखूबी निभायी। परम्परा के अनुसार हर किसी ने झाड़ू से खरीदारी की शुरूआत की। इसके साथ बर्तन, लक्ष्मी-गणेश व कुबेर की मूर्तियों की खरीददारी भी की गयी।

इधर, ज्वेलरी की खरीददारी में भी कई प्रकार के ऑफर दिये गये। जिसमें मेकिंग चार्ज में छूट से लेकर बाजार में सस्ता गोल्ड रेट जैसे ऑफर थे। धनतेरस पर ज्यादा भीड़ ज्वेलरी की दुकानों में देखी गयी। लोगों द्वारा अपनी जरूरत के अनुसार ज्वेलरी की खरीदारी की गयी। दुकानदारों के अनुसार, लोगों द्वारा इस बार हल्के सोने और डायमंड की ज्वेलरी के अलावा चांदी और सोने के सिक्के भी काफी खरीदे गए।

जीएसटी दर में कटौती के कारण इस बार चार पहिए वाहनों की बिक्री में इजाफा हुआ। बाजार में उपलब्ध विभिन्न कार कंपनियों की करीब 700 से ज्यादा छोटी-बड़ी कारों की सेल हुई। वहीं सभी टू-व्हीलर्स कंपनियों की एक हजार से अधिक बाइक और स्कूटी की बिक्री धनतेरस पर हुई। इस बार इलेक्ट्रॉनिक स्कूटर की मांग भी अच्छी थी। बाजार पिछले वर्ष की तुलना अच्छा रहा। जानकार बताते हैं कि इस बार दो पहिया वाहनों की बिक्री 20 प्रतिशत और चार पहिया की बिक्री 25 प्रतिशत ज्यादा हुई।

# तेलमोचो और डोंगा घाट पर बालू का अवैध खनन जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** महुदा-राजगंज मुख्य मार्ग स्थित दामोदर पुल के समीप तेलमोचो और डोंगा घाट पर बालू की अवैध खनन और परिवहन बदस्तूर जारी है। प्रशासनिक सख्ती और टास्क फोर्स के गठन के बावजूद तस्कर खुलेआम बालू का उठाव कर रहे हैं, और हैरानी की बात यह है कि स्थानीय पुलिस की चुप्पी इस पूरे मामले को संदेहास्पद बना रही है। शनिवार को दिनदहाड़े इन घाटों पर दर्जनों ट्रैक्टर बालू लोड करते देखे गये। तस्कर नाव और बड़े वाहनों के ट्यूब के सहारे नदी के गहरे हिस्सों से बालू निकालते नजर आये। वहीं, रात के अंधेरे में जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद से नदी की धारा को मोड़कर अवैध खनन किया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि दर्जनों बालू लदे ट्रैक्टर महुदा पुलिस चेकपोस्ट से बेरोकटोक गुजरते हैं, लेकिन कार्रवाई का नामोनिशान नहीं है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर गहरी नाराजगी है और पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चर्चा यह भी है कि पुलिस की मिलीभगत के बिना इस स्तर की तस्करी मुमकिन नहीं है। गौरतलब हो कि हाल ही में धनबाद उपायुक्त की अध्यक्षता में अवैध बालू खनन की रोकथाम को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक हुई थी, जिसमें एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। यह टास्क फोर्स भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पायी है, जिससे प्रशासनिक इच्छाशक्ति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संदर्भ में जब बाघमारा अंचलाधिकारी गृजानंद किस्कू से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उनसे बात नहीं हो सकी। उन्होंने कॉल का कोई जवाब नहीं दिया।

# देश का समग्र विकास ओएनजीसी का लक्ष्य : टीआर उन्नीकृष्णन नायर

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** सीबीएम परिसंपत्ति, ओएनजीसी बोकारो द्वारा गुरुवार को झारखंड के मीडिया संस्थानों के साथ बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 1 स्थित हंस मंडपम में को-ओर्डिनेशन मीटिंग का आयोजन किया गया। मीडिया मीट को संबोधित करते हुए सीबीएम परिसंपत्ति, ओएनजीसी बोकारो के परिसंपत्ति प्रबंधक टीआर उन्नीकृष्णन नायर ने देश एवं झारखंड राज्य की प्रगति में ओएनजीसी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिछले 28 वर्षों से ओएनजीसी झारखंड में प्राकृतिक गैस की खोज एवं उत्पादन में लगातार प्रयासरत है। बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड से गैस का उत्पादन कर उर्जा गंगा पाइपलाइन के माध्यम से बिक्री प्रारम्भ किया गया है । इस परियोजना से अब तक लगभग 260 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है , जिसमें 13.5 करोड़ रुपये की रॉयल्टी झारखंड सरकार को दी गयी है। इसके अतिरिक्त झरिया ब्लॉक और हजारीबाग जिले से भी गैस की बिक्री प्रारंभ की गयी है। हजारीबाग से इस वर्ष अब तक 3.5 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जिसमें 25 लाख रुपये की रॉयल्टी सरकार को दी गयी। आने वाले दो वर्षों में यहाँ के उत्पादन को बढ़ाकर 5 लाख क्यूबिक मीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य है। नायर ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ओएनजीसी ने बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला एवं खूंटी ज़िलों के साथ रांची और धनबाद में सामाजिक उत्थान के लिए 21 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट किये हैं। पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र के 58 युवाओं को अप्रेंटिसशिप के तहत एवं 26 युवाओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि ओएनजीसी का कार्य केवल आर्थिक विकास ही नहीं बल्कि देश और समाज का समग्र विकास करना है। इस मौके पर ओएनजीसी बोकारो के प्रमुख सब सर्फेस टीम आलोक दास, प्रमुख ड्रिलिंग बलबीर सिंह, प्रमुख मानव संसाधन दयानंद कालुंदिया, आलंबन प्रबंधक विपिन कुमार, समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरायढेला में युवक से चेन की छिनतई

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र के कुसुम विहार फेज-1 में शनिवार सुबह एक सोने की चेन छीनने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। पीड़ित सागर मिश्रा, जो कुसुम विहार, फेज-1 के निवासी हैं, उन्होंने ने बताया कि जब वे सड़क किनारे कुसुम विहार स्थित सनी जनरल स्टोर खड़े थे तभी दो बाइक सवार युवक पल्सर 220 से अचानक पहुंचे और उनकी सोने की चेन झपट कर फरार हो गये। यह घटना सुबह करीब 10:24 बजे की बतायी जा रही है। पीड़ित ने तत्काल सरायढेला थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयर है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेटरवार।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-बोकारो मुख्य मार्ग स्थित लुकैया में शनिवार को एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में सलगाडीह निवासी रामचंद्र महतो (55 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि लुकैया निवासी शिवलाल सोरेन गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक मोटरसाइकिल से सड़क किनारे खड़े होकर सड़क पार करने की तैयारी में थे। इसी दौरान गलत दिशा से तेज गति में आ रही शांति नामक बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पेटरवार लाया गया, जहां चिकित्सा पदाधिकारी ने रामचंद्र महतो को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल शिवलाल सोरेन को प्राथमिक उपचार के बाद बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखा गया। दुर्घटना के बाद मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर रांची बोकारो मुख्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया गया। मौके पर पेटरवार पुलिस पहुंची। लगभग 6 घंटा सड़क जाम रहने के बाद मृतक के परिजनों एवं वाहन मालिक के बीच वार्ता हुई। जिसमें 1 लाख रुपये एवं घायल का इलाज करवाने का खर्च वहन करने की बात पर सहमति बनी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/05 /2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुपसं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Pre Cast Boundary Wall in Mauja Masnodih Fulwariya Bigha Dhargaon in Domchanch Block Chainage 01 (0 to 1.00 km) | 2259300.00 | 46000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | Construction of Pre Cast Boundary Wall in Maunja Masnodih Fulwariya Bigha Dhargaon in Domchanch Block Chainage 02 (1.00 to 2.00 km) | 2259300.00 | 46000.00 | 5000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.10.2025 से दिनांक 31.10.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.11.2025 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8789242462 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का मोबाईल नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।

PR.NO.364489 Rural Development(25-26):D

झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित निर्धारित सुनवाई की तिथि एवं समय को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | सुनवाई की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | 12/2025 | टाटा मैजिक एक्सप्रेस, निबंधन संख्या–JH07J - 1138, चेचिस संख्या– MAT445163JVP81864, साल चौपहल – 3 पीस, साल बोटा – 7 पीस | दिनांक 30.10.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 02 | 24/2025 | साल चौखट (25 पीस– 19.44 CFT) तथा Mahindra Bolero (White Colour) Reg.No.- JH01AK5752, जिस पर "62C24479" एवं "0A64B23847" अंकित है | दिनांक 30.10.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 03 | 22/2025 | (1) TATA SFC 407/27 ट्रक, निबंधन संख्या CG15AC0124, चेचिस नं०– MAT357105A8A00389 तथा इंजन नं०/मोटर नं० 497SPTC35AZY800458 एवं (2) साल चौपहल – 80 पीस | दिनांक 30.10.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल

PR 364516 (Forest, Environment and Climate Changes)25-26*D

# सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल में 'ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को समझना' विषय पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल, बोकारो में शनिवार को एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसका विषय था – 'ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को समझना और उनके समग्र विकास में सहयोग देना।'यह सत्र विद्यालय के प्राचार्य फादर डीनू एम डेनियल के मार्गदर्शन और सहयोग से आयोजित किया गया। उनकी पहल और सतत प्रोत्साहन से ही यह उपयोगी वेबिनार संभव हो सका। सत्र की होस्ट रहीं डॉ कनिका भारती (ओटी), जिन्होंने शिक्षिकाओं को यह समझाया कि ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों की आवश्यकताओं और व्यवहार को किस प्रकार संवेदनशीलता के साथ समझा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे बच्चों में फिजिकल एक्टिविटीज अधिक होती हैं, इसलिए उनके समुचित विकास के लिए संतुलित गतिविधियों और सहयोगपूर्ण वातावरण की अत्यधिक आवश्यकता होती है। डॉ कनिका ने यह भी बताया कि बच्चों की प्रगति में शिक्षिकाओं की भूमिका सबसे अहम होती है – उन्हें बच्चों के छोटे-छोटे बदलावों को ध्यानपूर्वक देखना चाहिए और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ उन्हें बढ़ावा देना चाहिए। अपने वक्तव्य में उन्होंने एक रोचक तथ्य साझा किया कि जहां हम सामान्यतः पांच इंद्रियों के बारे में जानते हैं, वहीं वास्तव में सात इंद्रियां होती हैं। अतिरिक्त दो इंद्रियां – प्रोप्रियोसेप्टिव और वेस्टिब्युलर सेंस – बच्चे के संतुलन, मूवमेंट और व्यवहार नियंत्रण से संबंधित होती हैं, जो ऑटिज्म जैसे विकारों को समझने और उनके उपचार में सहायक सिद्ध होती हैं।

फादर डीनू एम डेनियल ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे सत्र शिक्षिकाओं के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं, क्योंकि इससे वे प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं और उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में सहयोग दे सकते हैं।

## पर्यावरण-मित्र वाटिका में वृक्ष दीपावली मनी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में शनिवार को 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' का स्थापना दिवस यहां स्थित सभी पेड़ों के नीचे दीप जलाकर 'वृक्ष दीपावली' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य के देवता भगवान धन्वंतरि की विधिवत पूजा कर बोकारो और झारखंड वासियों सहित संपूर्ण देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गयी। संध्या समय उपस्थित सभी पर्यावरण प्रेमियों ने सर्वप्रथम पर्यावरण-मित्र चौक पर लगे 'पर्यावरण-मित्र पं गौरी शंकर ओझा के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी पेड़ों के नीचे दीपक जलाकर वृक्ष दीपावली मनायी गयी।

# ढाका में हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगी भीषण आग, सभी उड़ानें हुईं रद्द

## कार्गो एरिया जल कर खाक, दिल्ली से बांग्लादेश जा रही फ्लाइट कोलकाता भेजी गयी

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो एरिया में शनिवार को आग लग गयी। अभी तक हादसे की वजह पता नहीं चल सकी है। आग इतनी तेज फैली कि एयरपोर्ट अथॉरिटी को सभी उड़ाने तुरंत रोकनी पड़ीं। दिल्ली से ढाका जा रही फ्लाइट का रूट चेंज कर कोलकाता भेज दिया गया।

फायर सर्विस ने बताया कि आग एयरपोर्ट के गेट नंबर 8 के पास कार्गो विलेज में दोपहर 2:30 बजे के आसपास शुरू हुई। अभी तक किसी की जान नहीं गयी है, लेकिन माल ढुलाई का बड़ा नुकसान होने की आशंका है। काला धुआं इतना घना था कि



आसपास के इलाकों में हवा खराब हो गयी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।

**दमकल, वायुसेना समेत एजेंसियां आग बुझाने में जुटी :** मामले में बिमान बांग्लादेश एयरलाइन्स के प्रवक्ता कौसर महमूद ने बताया कि आग लगते ही हवाई अड्डे की दमकल टीम, वायुसेना की फायर यूनिट और अन्य एजेंसियों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और मिलकर आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया। फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं और सभी उड़ानों का संचालन रोका गया है। अब तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

# सिंह मोड़ में स्पोर्ट्स स्पेक्ट्रम का उद्घाटन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिंह मोड़ स्थित केरकेट्टा स्क्वायर में वस्त्रों एवं परिधानों के रिटेल आउटलेट सिटी ट्रेंड्स के बगल में स्पोर्ट्स स्पेक्ट्रम का उद्घाटन शनिवार को दिन के एक बजे शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी मंजुल केरकेट्टा द्वारा फीता काट कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

उद्घाटन की जानकारी देते हुए स्पोर्ट्स स्पेक्ट्रम के प्रबंधक ने बताया कि विश्व के सबसे प्रिमियम स्पोर्ट्स ब्रांड पूमा, नाईके, रिबॉक एवं एडिडास के जूते एपरेल्स, एसिसरीज इस प्रतिष्ठान में एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराये गये हैं। इस प्रतिष्ठान में जूते 2500 से 15,000 रुपये की रेंज में एवं एपरेल्स 1000 से 7,000 रुपये की रेंज में उपलब्ध कराये गये हैं, जिनमें स्पोर्टस टी-सर्ट, ट्रैक शूट, जिम वियर, स्पोर्ट्स वियर के अतिरिक्त उपरोक्त कंपनियों के ब्रांडेड बैग, सॉक्स एवं कैप के विस्तृत रेंज उपलब्ध हैं। उद्घाटन के अवसर पर शहर के गणमान्य लोगों के अलावा भारी संख्या में ग्राहक, स्थानीय लोग एवं कंपनी के कर्मचारी मौजूद थे। स्पोर्ट्स स्पेक्ट्रम के प्रबंधक ने बताया कि ग्राहकों का हित उनके लिए सर्वोपरी है एवं समय-समय पर इस आउटलेट में ग्राहकों को आकर्षक योजना का लाभ दिया जायेगा।

# बांके बिहारी का खजाना 54 साल बाद खोला गया

- 3 कलश, खाली बक्से, एक पत्र और चांदी का छोटा-सा छत्र मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मथुरा।** वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का खजाना शनिवार को 54 साल बाद खोला गया। ये खजाना 160 साल पुराना है। अभी तक की सर्चिंग में टीम को 2 बक्से (एक लोहे और दूसरा लकड़ी का) और 3 कलश मिले हैं।

लकड़ी के बक्से के अंदर छोटे-बड़े ज्वेलरी के कई खाली डिब्बे मिले। 4-5 ताले भी निकले हैं। बक्से में 2 फरवरी, 1970 का लिखा हुआ एक पत्र भी मिला। इसके अलावा एक चांदी का छोटा-सा छत्र भी मिला है।

वहीं, खजाने तक पहुंचने के लिए गेट में एंट्री करने से पहले दिनेश गोस्वामी ने दीपक जलाया। अफसरों की मौजूदगी में दरवाजे को ग्राइंडर से काटा गया। इसके बाद खजाने की पहचान के लिए तय कमेटी के सारे मेंबर एक-एक



करके अंदर गये।

कमेटी में सिविल जज, सिटी मजिस्ट्रेट, एसपी सिटी, सीओ वृंदावन, सीओ सदर और चारों गोस्वामी शामिल रहे। सभी ने मास्क लगाकर एंट्री की। इस दौरान कई गोस्वामी खजाना खोलने को लेकर विरोध करते दिखे।

गर्भगृह के पास बने जिस कमरे में खजाना रखा था, उसके अंदर सांप-बिच्छू होने की आशंका जताई गई थी। इसलिए वन विभाग की टीम स्नैक कैचर लेकर पहुंची थी। 2 सांप के बच्चे भी मिले।

बांके बिहारी का खजाना खोलने का निर्णय 29 सितंबर को लिया गया था। 17 अक्टूबर को कमेटी के सचिव और डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने खजाना खोलने का आदेश जारी किया था।

# डिफेंस लैंड को दिल खोल कर जमीन देगा यूपी : योगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई से तैयार की गयी ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को शनिवार को हरी झंडी दिखायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि ये हमारे लिए खुशी का क्षण है। मेरे लिए खासतौर से। क्योंकि ये स्वदेशी तकनीक पर आधारित मिसाइल है। हमको प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया के संकल्प को पूरा करने और रक्षा मंत्री की उपस्थिति में स्वदेशी तकनीक पर आधारित ब्रह्मोस मिसाइल के पहले बैच को हरी झंडी दिखाने का मौका मिला। यह मिसाइल भारत की रक्षा आवश्यकताओं में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसका अर्थ है कि ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों के माध्यम से, भारत अब न केवल अपनी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि दुनिया भर के अपने मित्र देशों की सुरक्षा को भी पूरा करने में सक्षम है। जहां भी डिफेंस लैंड को जरूरत पड़ेगी, वहां यूपी दिल खोल कर जमीन



देगा। यही धरती माता चाहती हैं। जमीन का सदुपयोग होना चाहिए। मैंने डीआरडीओ को कहा है कि आपको जितनी भी जमीन चाहिए, यूपी में मिलेगी। हमारी कैबिनेट ने फ्री में जमीन मुहैया कराने का फैसला किया था। अब देखिए यूपी की धरती सोना बन रही है।

**आज का दिन उत्तर प्रदेश की जनता के लिए महत्वपूर्ण :** कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज का दिन उत्तर प्रदेश की जनता के लिए महत्वपूर्ण दिन है। लखनऊ डिफेंस सेक्टर में अहम भूमिका निभा रहा है। मैंने पांच महीने पहले ब्रह्मोस यूनिट का उद्घाटन किया था। आज उसकी पहली खेप रवाना कर दी गई। यह आम बात नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि जीत अब हमारी आदत बन चुकी है।

# ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट स्थित सांसदों के फ्लैट्स में आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली इलाके के विशंभर दास रोड स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में शनिवार दोपहर आग लग गई, यहां पर सांसदों के आवास हैं। आग पार्किंग में रखे कबाड़ में लगी जो सातवीं आठवीं मंजिल तक पहुंच गई, फिलहाल तीन लोगों के आग में झुलसने का पता चला है और तीन लोगों को ही बचाने की बात कही जा रही है। बचाव दल और दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में सीपीडब्ल्यूडी के पार्किंग एरिया में कूड़ा पड़ा था, उसमें ही पहले आग लगी थी। इसके बाद आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि ऊपर की 6 मंजिलों पर स्थित फ्लैट्स को भी अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि शुरूआती 3 मंजिल में सर्वेंट क्वार्टर हैं उसके बाद एमपी रहते हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां



करीब आधा घंटा देरी से आयी थीं। फ्लैट्स में आग बुझाने का जो सिस्टम लगा हुआ है वह बिल्कुल काम नहीं कर रहा था, उसमें बिल्कुल भी पानी नहीं था।

**दमकल विभाग की ओर से कही गयी यह बात :** दिल्ली अग्निशमन सेवा के एडीओ भूपेंद्र ने कहा, 'दोपहर 1.22 बजे हमें पंडित पंत मार्ग के पास स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में आग लगने की सूचना मिली। चूंकि यह एक ऊंची इमारत है इसलिए हमने तुरंत टीटीएल सहित 14 गाड़ियां भेजीं। अभी तक ज्यादातर नुकसान स्टिल्ट फ़्लोर पर हुआ है और ऊपरी मंज़िलें बाहरी रूप से क्षतिग्रस्त हैं। आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन हमारा काम अभी भी जारी है, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।'

# पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक में 3 अफगान क्रिकेटरों समेत 14 नागरिकों की मौत

**काबुल/इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के हमले में अफगानिस्तान के 3 क्लब क्रिकेटर्स की मौत हो गयी है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने इसकी पुष्टि की है। हमले में 14 अफगानी भी मारे गये हैं जबकि 16 घायल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 48 घंटे का सीजफायर शुक्रवार शाम 6 बजे खत्म हुआ था। इसे आगे बढ़ाने पर सहमति बन गयी थी, लेकिन कुछ ही घंटे बाद पाकिस्तान ने पक्तिका प्रांत में एयर स्ट्राइक की। अफगान मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक इन हमलों में उर्गुन और बर्मल जिलों के कई घरों को निशाना बनाया गया। ये इलाका दोनों देशों की बॉर्डर डूरंड लाइन के पास है। इस घटना के जवाब में, एसीबी ने नवंबर में पाकिस्तान में होने वाली ट्राई टी-20 सीरीज से हटने का ऐलान किया है। अउइ ने कहा कि यह कदम मारे गये क्रिकेटरों के सम्मान में उठाया गया है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका की टीमें हिस्सा लेने वाली थीं। एसीबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान जारी कर बताया कि यह हमला पक्तिका प्रांत की राजधानी शराना में एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेलकर लौट रहे खिलाड़ियों कबीर, सिब्घतुल्लाह और हारून पर हुआ। अउइ ने हमले के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी। हमले वाले दिन कबीर अपने गांव के टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच चुने गये थे।


























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**